चैत्र माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 66, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 31 मार्च 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# बहुत कठिन है डगर मंत्रियों की !

## योगी से छुट्टी लेकर ही यूपी छोड़ पाएंगे मंत्रीः सीएम ने मंत्रियों को 100 दिन का एजेंडा सौंपा; नई गाड़ी, फर्नीचर खरीदने पर रोक



**लखनऊः** विधानसभा में सीएम की मुस्कुराहट ने जो भी संकेत दिए हों, उनके फैसले बता रहे हैं कि मंत्रियों की डगर इस बार कठिन रहेगी। योगी का फैसला आया था कि मंत्रियों को पुराना स्टाफ रखने की छूट नहीं होगी। वे अपनी पसंद से निजी स्टाफ भी नहीं रख सकेंगे। भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस और पारदर्शी सरकार की अपनी यूएसपी को इस सरकार में भी बनाए रखने के लिए सीएम ने तीन कड़े फैसले किए।

**मंत्रियों को दिया टारगेटः** यूपी सरकार के नव-निर्वाचित सभी मंत्रियों को सीएम योगी ने 100 दिन का टारगेट दिया है। 100 दिन के अंदर सभी मंत्रियों को अपने-अपने विभागों की समीक्षा करनी होगी। इस समीक्षा के आधार पर काम की योजना तैयार कर मास्टर प्लान बनाना होगा। कैबिनेट के समक्ष विभागीय प्रस्तुतियां संबंधित मंत्री द्वारा ही दी जाएंगी। विभागीय अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव केवल सहायता के लिए वहां मौजूद होंगे। साथ ही, सचिव या निचले स्तर के अधिकारी सीएम को ब्रीफिंग नहीं देंगे। मंत्रियों को अपनी रिपोर्ट में सीएम योगी को बताना होगा कि वह अगले 100 दिन में क्या करेंगे। विभाग में नया क्या होगा। साथ ही डिजिटलाइजेशन के काम को भी विभाग में आगे बढ़ाना है। पहली सरकार में सीएम योगी ने खुद सभी विभागों की लगातार समीक्षा बैठक की थी। उस बैठक में भी विभाग के अधिकारियों के साथ ही विभागीय मंत्री शामिल रहते थे। इस बार विभागीय मंत्रियों को अपने अधिकारियों के साथ समीक्षा करनी होगी।

**यूपी से बाहर जाने की जानकारी देनी होगीः** योगी मंत्रिमंडल का कोई भी मंत्री अगर यूपी से बाहर जा रहा है तो उसकी जानकारी उसे सीएम और पार्टी दोनों को देनी होगी। मंत्रियों के बेवजह दौरों और दिल्ली में बेवजह बड़े नेताओं के चक्कर लगाने से रोकने के लिए सीएम ने यह निर्देश जारी किया है। अब यूपी सरकार का कोई भी मंत्री किसी भी काम से यूपी से बाहर जाता है तो उसे बताना होगा कि वो क्यों जा रहा है। दौरा सरकारी या पर्सनल कोई भी हो, जानकारी देना अनिवार्य है। बिना बताए मंत्री बाहर नही जा सकेंगे। सरकारी धन के दुरुपयोग और किसी भी तरह की कॉन्ट्रोवर्सी से बचने के लिए यह निर्देश दिया गया है।

**सीएम योगी ने टीम के साथ की समीक्षा बैठक**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कोरोना वायरस को लेकर लखनऊ में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि कोरोना प्रोटोकॉल का हर हाल में अनुपालन जरूरी है। उन्होंने अफसरों से कहा कि प्रदेश सरकार सभी तहसीलों में फायर टेंडर की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है।

इस दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में अगर आग लगती है तो अधिकतम 15 मिनट और शहरी क्षेत्र में अधिकतम 7 मिनट का रिस्पॉन्स टाइम सुनिश्चित किया जाए। ताकि नुकसान को कम किया जा सके।



### जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव ने की विभागीय समीक्षा

**जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव ने की विभागीय समीक्षाः** उत्तर-प्रदेश में नई सरकार के गठन और सीएम के 100 दिन के टारगेट के बाद अब मंत्री भी एक्शन में हैं। आज जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह प्रभार मिलने के बाद पहली बार लखनऊ स्थित सिंचाई विभाग पहुचे। स्वतंत्र देव सिंह के साथ राज्यमंत्री रामकेश निषाद भी थे। दोनों मंत्रियों ने अधिकारियों के साथ एक बैठक की और सीएम के निर्देश पर विभाग की समीक्षा की।

### मंत्री फिजूलखर्च पर रोक लगाएंः सीएम योगी

**सीएम** योगी ने फिजूलखर्ची रोकने के लिए सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। योगी सरकार के मंत्रियों के लिए राज्य का संपत्ति विभाग नए बंगले तैयार कर रहा है। सरकार ने निर्देश दिए हैं कि बंगलों में साज-सज्जा पर ज्यादा पैसा खर्च करने की जरूरत नहीं है। फर्नीचर को बदलने की आवश्यकता नहीं है। जिन मंत्रियों के पास पहले से ही आवास है, उन्हें नए बदलाव की जरूरत नहीं है। इतना ही नही मंत्रियों के लिए नई गाड़ियां नहीं खरीदी जाएंगी। बड़ी लग्जरी गाड़ियां और घर-दफ्तर में नई साज-सज्जा के साथ ही नए फर्नीचर की खरीदारी नहीं होगी। इससे फिजूलखर्ची पर रोक लगेगी।

**मंत्रियों के साथ अफसरों पर भी सीएम की नजरः** पिछली सरकार में अफसरशाही को लेकर सवाल उठे थे। सीएम योगी इस बार इसे लेकर बेहद गंभीर हैं। खबर है कि मंत्रियों के बाद अब अधिकारियों को लेकर भी निर्देश जारी होंगे।

फिलहाल बड़े पैमाने पर अधिकारियों का तबादला होना है। तबादले के बाद जिम्मेदारी संभालने वाले अधिकारियों को लेकर भी सीएम निर्देश जारी कर सकते हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट करते गुजरात से आए हुए आदिवासी समाज के लोग।

# सुरक्षा मामलों पर हुई उच्चस्तरीय बैठक

## समिति ने 15 हल्के लड़ाकू हेलीकाप्टरों की खरीद को मंजूरी

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने बुधवार को 15 हल्के लड़ाकू हेलीकाप्टरों की लिमिटेड सीरिज प्रोडक्शन के तहत खरीद को मंजूरी दी। इस पर 3,887 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। इन हेलीकाप्टरों के रखरखाव के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को लेकर 377 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। हाल ही में भारतीय सेना ने साको .338टीआरजी-42 स्नाइपर राइफलों से अपने जवानों को लैस करना शुरू कर दिए हैं। फिनलैंड से आयातित यह राइफलें नियंत्रण रेखा पर तैनात सेना के जवानों को दी जा रही है। बताया जाता है कि साको स्नाइपर राइफल पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा इस्तेमाल की जा रही स्नाइपर राइफल से हर मामले में आगे है। इस राइफल से लैस जवान ज्यादा घातक साबित हो चुके हैं।



### एमएसएमई से जुड़े कार्यक्रम के लिए 6,062 करोड़ की मंजूरी

**नई दिल्लीः** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने सूक्ष्म, मध्यम एवं लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए बने कार्यक्रम के लिए 808 मिलियन अमेरिकी डालर की मंजूरी दी है। आरएएमपी नई योजना है और यह वर्तमान वित्त वर्ष 2022-23 में शुरू होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने रेजिंग एंड एक्सलरेटिंग एमएसएमई पर्फोर्मेंस (आरएएमपी) पर विश्व बैंक से सहायता प्राप्त कार्यक्रम के लिए 808 मिलियन अमेरिकी डालर या 6,062 .45 करोड़ रुपये को मंजूरी दी। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी को अपने बजट भाषण में आरएएमपी की घोषणा की थी। वित्त मंत्री ने कहा था ।

## बिम्सटेक सम्मेलन क्षेत्रीय सुरक्षा सबसे अहमः मोदी

**नई दिल्लीः** हमारे लिए क्षेत्रीय सुरक्षा सबसे अहम हो गई है। पिछले 2 सालों की चुनौतियों का श्रीलंका के राष्ट्रपति राजपक्ष ने बिम्सटेक का बेहतर नेतृत्व किया। आज के चुनौतीपूर्ण माहौल में से हमारा क्षेत्र भी अछूता नहीं रहा है। हम अभी भी कोरोना का बुरा असर झेल रहे हैं। बिम्सटेक की स्थापना के 25वें साल पर यह सम्मेलन खास हो गया है। ये बातें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को 5वें बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में बोल रहे थे। वे वर्चुअली इस सम्मेलन का हिस्सा बने।

# दिल्ली सीएम के घर पर हमला

## अरविंद केजरीवाल के घर पर हंगामा, मेन गेट पर पोता भगवा रंग



**नई दिल्लीः** कश्मीर फाइल्स को लेकर आम आदमी पार्टी और केजरीवाल सरकार आमने-सामने हैं। बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद तेजस्वी सूर्या की अगुवाई में सीएम केजरीवाल के आवास के बाहर प्रदर्शन किया और उनके घर के बाहर नारेबाजी की। इसके बाद से आम आदमी पार्टी भाजपा पर हमलावर हो गई है और उसने सीएम आवास पर तोड़फोड़ करने का आरोप भाजपा कार्यकर्ताओं पर लगाया है। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को ट्वीट कर बड़ा आरोप लगाया है कि कुछ असामाजिक तत्वों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए और वहां लगा बूम बैरियर भी तोड़ दिया।

**पुलिस ने क्या बतायाः** उत्तरी जिला डीसीपी सागर सिंह कलसी ने बताया कि बुधवार को भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कश्मीर फाइल्स को लेकर दिल्ली के सीएम के विधानसभा वाले बयान के खिलाफ धरना आयोजित किया था। उनका यह धरना सुबह 11.30 बजे शुरू हुआ जिसमें करीब 150-200 लोग सीएम आवास के बाहर पहुंचे थे। करीब 1.00 बजे कुछ प्रदर्शनकारियों ने सीएम आवास का सुरक्षा घेरा तोड़ते हुए सीएम आवास के बाहर जा पहुंचे और नारे लगाए वह व्यवधान उत्पन्न किया। उनके पास पेंट का एक छोटा डिब्बा था जिसे उन्होंने सीएम आवास के दरवाजे पर फेंक दिया। इसके साथ ही बूम बैरियर और एक सीसीटीवी कैमरा भी टूटा पाया गया।

# पोखरण रेंज में नए लॉन्चर से दागे 24 पिनाका रॉकेट

**नई दिल्लीः** विस्तारित रेंज पिनाका (पिनाका-ईआर) मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर के नए सिस्टम का पोखरण रेंज में तीन दिन से परीक्षण चल रहा है। विभिन्न दूरियों से 24 रॉकेटों को विस्फोटक क्षमताओं के साथ दागा गया और सबने पूरी सटीकता तथा स्थिरता के साथ लक्ष्य को भेदा। भारतीय सेना पिछले एक दशक से रॉकेट लॉन्चर का पुराना सिस्टम इस्तेमाल कर रही है लेकिन मौजूदा जरूरतों के लिहाज से डीआरडीओ ने नया रॉकेट लॉन्चर सिस्टम डिजाइन किया है। इस नई प्रणाली को सीमा बढ़ाने वाली उन्नत तकनीक के साथ अपग्रेड किया गया है। पिनाका की बढ़ी हुई मारक क्षमता तय हो जाने के बाद डीआरडीओ ने यह प्रणाली की प्रौद्योगिकी को भारतीय उद्योग को हस्तांतरित कर दी है। उद्योग साझीदार ने उक्त पिनाका एमके-1 रॉकेट का निर्माण किया। इसके उत्पादन और गुणवत्ता के लिये डीआरडीओ ने पूरा सहयोग किया था। इसके बावजूद विकसित रॉकेटों को क्षमता मूल्यांकन और गुणवत्ता प्रमाणीकरण की प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। सेना के साथ डीआरडीओ ने पिछले तीन दिनों के दौरान पोखरण फील्ड।

# केन्द्र को युवा, किसान और आम लोगों की परवाह नहींः राहुल

**नई दिल्लीः** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार को किसानों, युवाओं और आम लोगों के हितों की परवाह नहीं है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि आए दिन पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम बढ़ रहे हैं। महंगाई चरम पर है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है और किसानों को सिर्फ सपने दिखाए जा रहे हैं। राहुल ने कहा कि मोदी सरकार सिर्फ सरकारी कंपनियों को बेचने के बारे में ही चिंतित नजर आती है इस सरकार का जनता के हितों से कोई वास्ता नहीं है।




उल्लेखनीय है कि मंगलवार को यूथ कांग्रेस ने भी पेट्रोल ,डीजल और सरोई गैस के बढ़ते दामों को लेकर दिल्ली में प्रदर्शन किया था। वहीं संसद के दोनों सदनों में भी कांग्रेस इन मुद्दों को लेकर केन्द्र सरकार को लगातार घेर रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज एक बयान जारी कर कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। बीते आठ दिनों में सात बार पेट्रोल-डीजल की कीमते बढ़ चुकी हैं। केन्द्र सरकार को पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दामों को कम करना चाहिए ।

# अपराधी की हर जानकारी का रिकॉर्ड रखने की तैयारी

**नई दिल्लीः** सरकार ने लोकसभा में दंड प्रक्रिया पहचान विधेयक, 2022 पेश कर दिया है। इस बिल के कानूनी रूप लेने के बाद पुलिस के पास गिरफ्तार व्यक्ति से संबंधित सभी तरह की सूचना से लेकर रेटिना, पैरों के प्रिंट जुटाने और ब्रेन मैपिंग तक करने का अधिकार होगा। विपक्ष इसे मौलिक अधिकारों का हनन बता रहा है। जब गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र ने ये बिल लोकसभा में पेश किया तो विपक्ष ने इसके विरोध में जमकर हंगामा किया। आखिर बिल में कौन-कौन से प्रवधान हैं लागू होने पर ये कानून किन लोगों पर लागू होगा ये डेटा किस तरह से संग्रहित किया जाएगा विपक्ष इसका किस आधार पर विरोध कर रहा है




**आखिर बिल में कौन-कौन से प्रवधान हैं**: इस बिल में गिरफ्तार किए गए किसी व्यक्ति के निजी बायोलॉजिकल डाटा इकट्ठा करने की छूट देता है। इसमें पुलिस को अंगुलियों, पैरों, हथेलियों के निशान, रेटिना स्कैन, भौतिक, जैविक नमूने और उनके विश्लेषण, हस्ताक्षर, लिखावट या अन्य तरह का डाटा एकत्र करने की छूट होगी। विरोधी दल इसे सरकार की जरूरत से ज्यादा निगरानी और निजता का हनन बता रहे हैं। अगर ये बिल कानून का रूप लेता है तो ये कैदियों की पहचान अधिनियम, 1920 की जगह लेगा। मौजूदा कानून केवल ऐसे कैदियों की सीमित जानकारी एकत्र करने की बात कहता है जो या तो दोषी करार हो चुके हैं या फिर सजा काट रहे हैं। इसमें भी केवल उंगलियों के निशान और पदचिह्न ही लिया जा सकता है।

**नया कानून किन लोगों को पर लागू होगाः** प्रस्तावित कानून तीन तरह के लोगों पर लागू होगा। पहला ऐसे लोग जिन्हें किसी भी अपराध में सजा मिली है।

# पेपर लीकः दोषियों पर रासुका लगाने के निर्देश

## यूपी बोर्डः इंटमीडिएट परीक्षा के छठवें दिन अंग्रेजी का पेपर लीक हुआ

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की वर्ष 2022 की इंटमीडिएट परीक्षा के छठवें दिन बुधवार को अंग्रेजी का पेपर लीक हो गया। इसके बाद 24 जिलों में दूसरी पाली के तहत दोपहर दो बजे से होने वाली परीक्षा निरस्त कर दी गई। यह परीक्षा अब 13 अप्रैल को होगी।इस प्रकरण को सीएम योगी आदित्यनाथ ने बेहद गंभीरता से लिया है। उन्होंने पेपर लीक के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने दोषियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई करने को कहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने बोर्ड परीक्षा पेपर लीक की घटना का संज्ञान लेते हुए जांच और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने पेपर लीक कांड के बाद लखनऊ में मीडिया से बात करते हुए कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## खबर संक्षेप

### किशोरी का हुआ अपहरण, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** गांव का एक युवक एक किशोरी को बहला फुसलाकर कर अपहरण कर ले गया। उलहना देने पर युवक के पिता ने धमकी दी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा वीरभानपुर की महिला का आरोप है कि उसकी नाबालिग लड़की को गांव का एक युवक बहला फुसलाकर कर अपहरण कर ले गया। युवक के पिता को उलहना देने पर उसे धमकी दी गई। महिला की तहरीर पर पुलिस ने संदीप कुमार पुत्र राममूरत और उसके पिता राम मूरत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

### पुआल फूंका दिया जान से मारने की धमकी

**मऊआइमा।** खेत में रखा पुआल एक युवक ने जला कर राख कर दिया। पूछने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है । मऊआइमा ग्राम सरायजीतराय परानी का पूरा निवासी नारेन्द्र प्रसाद पुत्र रामसुन्दर का आरोप है कि उसके खेत में रखा पुआल गांव का एक शरारती तत्व ने जला कर राख कर दिया। पूछने पर जान से मारने की धमकी दी। नारेन्द्र प्रसाद ने मऊआइमा थाने में रूद्र प्रसाद पुत्र रामलखन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# धारदार हथियार से बुजुर्ग की हुई हत्या

## एक संदिग्ध हिरासत में,एसपी यमुनापार ने किया घटनास्थल का मुआयना

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ।** मंगलवार की देर रात एक बुजुर्ग की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई ।बुधवार की सुबह बुजुर्ग का शव मिलने पर हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मुकामी पुलिस के साथ उच्चाधिकारी पहुंचे और छानबीन शुरू की। घटना स्थल पर छानबीन के लिए फारेंसिक एक्सपर्ट की टीम बुलाई गई। खोजी कुत्ते की भी मदद ली गई। शव को चीरघर भेज दिया गया है। हत्या के संबंध में जांच की जा रही है। इस हत्याकांड में एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है ।हत्या का यह सनसनीखेज प्रकरण यमुनापार के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र का है। शंकरगढ़ क्षेत्र के ग्राम घोरहा कल्याणपुर (पढ़इया) में बिहारी लाल (75) का शव सुबह घर के बाहर पाया गया। सुबह-सुबह जब परिजन सोकर उठे और बाहर शव देखा तो हड़कंप मच गया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए। इस हादसे की सूचना मिलते ही शंकरगढ़ थाने की पुलिस और उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे।



बुजुर्ग की हत्या के बाद घटनास्थल पर खोजी कुत्ता



हत्या के बाद बुजुर्ग के घर छाया मातम

घटना की सूचना पर पहुंचे एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित,सीओ बारा विमल किशोर मिश्र, एसओ मनोज कुमार सिंह और एसआई ऋतुराज सिंह ने मौका मुआयना किया और घरवालों से पूछताछ की। इसके अलावा मौके पर डॉग एस्क्वॉयड और फिंगर एक्सपर्ट की टीम भी पहुंची और साक्ष्य एकत्र किया।



पुलिस ने एक संदिग्ध को लिया हिरासत में

एसओ शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि घटना का खुलासा जल्द ही कर दिया जाएगा। दूसरी तरफ एसपी यमुनापार ने बताया कि उक्त हत्याकांड में गांव के ही एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं बताई जा रही है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। इस हत्या का अभी तक कोई ठोस कारण और साक्ष्य प्रकाश में नहीं आया है। शव को चीरघर भेज दिया गया है। दूसरी तरफ बुजुर्ग बिहारीलाल (75) की मौत से घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक बिहारी लाल की पुत्री सुशीला ने बताया कि रात में पिता जी सोने चले गए थे। घर के अन्य सदस्य रात 11 बजे तक जग रहे थे। तब तक कोई बात नहीं हुई थी। आशंका है कि बिहारीलाल रात में लघु शंका के लिए गए होंगे, तभी किसी ने पीछे से सिर पर फावड़ा से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। बेटी सुशीला ने बताया कि इस वारदात की जानकारी उसे सुबह हुई। पिता के सिर पर चोट के निशान देख उसने ग्राम प्रधान और पुलिस को सूचना दी।

### नाबालिक के साथ छेड़छाड़ करने वाला अधेड़ गिरफ्तार

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र में अधेड़ द्वारा नाबालिक के साथ अश्लील हरकत करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले की सूचना मिलने पर आनन-फानन में पहुंची पुलिस आरोपी अधेड़ को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

बताया जाता है कि गांव का ही एक अधेड़ अपने घर के पास एक गुमती रखा है। जिसमे वह किराने का सामान बेजता है मंगलवार की रात 8 बजे के करीब पड़ोस की ही एक 7 वर्षीय बच्ची अधेड़ की दुकान पर कुछ सामान लेने गई थी आरोप है कि बच्ची को अकेला पाकर अधेड़ उसे अंधेरे में ले जाकर गलत काम करने लगा बच्ची की रोने की आवाज सुनकर कुछ उसकी माँ पहुची तो आरोपी फरार हो गया। बेज्जती के डर की वजह से पहले परिजन मामले को छुपा रहे थे। बुधवार को मामले की सूचना पुलिस को गई । सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस में आरोपी को हिरासत में ले लिया।





चोरी के बाद घर के बाहर व घर के अंदर अस्त व्यस्त बिखरा पड़ा मिला सामान

## चोरों ने जेवरात सहित उड़ाए बारह हजार कैश

अखंड भारत संदेश

**लेडियारी।** खीरी थाना क्षेत्र के रहने वाले मनोज कुमार पुत्र स्वर्गीय जमुना प्रसाद हरिजन निवासी ग्राम डीही खुर्द जनपद प्रयागराज के घर करीबन 12:01 बजे रात अज्ञात चोरों द्वारा चोरी किया गया जिसमें पीड़ित अपने परिवार सहित द्वार पर लेटे हुए थे चोरों ने पिछवाड़े तरफ से घर में घुसकर दरवाजा तोड़कर अंदर रखा आलमारी को खगालने के वाद बक्सा लेकर हुए थे फरार जिसमें बक्से में चांदी की सात लर की करधन चांदी का एक जोड़ा छागल और चांदी का एक जोड़ा पायल सोने का एक मंगलसूत्र सोने का एक जोड़ा झुमका सोने का एकमाथ बेदी एवं 1200 रु. नगद बक्सा में था अज्ञात चोरों ने आलमारी तोड़ा बड़ा बक्सा तोड़ा छोटा बक्सा में सारा सामान व कुछ कपड़े रखा था उठाकर घर के पिछवाड़े पूर्व साइड में करीबन 200 मीटर दूरी पर टूटा बक्सा पड़ा दिखाई दिया तो गांव के लोग एवं घर वाले देखे तो बक्से की कुण्डी तोड़ कर बक्से में रखें जेवरात एवं नगद लेकर रफे चप्पू हो गये थे। थाना खीरी जाकर सूचना पीड़ित परिवार मनोज कुमार हरिजन पुत्र जमुना प्रसाद के द्वारा थाना खीरी में जाकर थाना अध्यक्ष बैकुंठ नाथ पाण्डेय को तहरीर देने के वाद चोरी की जानकारी लेते हुए तहरीर को हेड कांस्टेबल कलामुद्दीन व हेड कांस्टेबल मनोज कुमार यादव -अंकित यादव एवं यतेंद्र कुमार यादव को भेजा गया ।उप निरीक्षक विनोद कुमार के द्वारा तहरीर का जायजा लिया गया पीड़ित को आश्वासन दिया गया ठीक है इस घटना को मैं जल्द पता लगाकर खुलासा करने का काम करूंगा और आरोपियों को कानून प्रक्रिया कर जेल भेजने का काम करूंगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लगी गेहूं की फसल में आग



गेहूं की फसल जलने के बाद मायूस किसान व मौके पर जुटी भीड़

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** गर्मी का प्रभाव बढ़ने के साथ ही क्षेत्र में जहां गेहूं व सरसों की कटाई का कार्य शुरू हो गया है वहीं तैयार फसलों में आग लगने की घटनाएं भी शुरू हो गई है। उतरांव थाना क्षेत्र के यासीनपुर व नीमी थरिया गांव की सीमा पर स्थित गेहूं के खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में बुधवार दोपहर आग लग गई। आग की लपटे इतनी तेज थी कि ग्रामीणों द्वारा काफी मशक्कत करने पर आग को बुझाया जा सका। तब तक लगभग ढाई बीघा गेहूं कि फसल जलकर राख हो गई। किसान दीनानाथ व शंभूनाथ ने बताया की वो फसल काटने की ही तैयारी कर रहे थे परन्तु अचानक खेतों में आग लगने से उनकी सारी मेहनत पर पानी फिर गया। किसानों ने घटना की सूचना पुलिस समेत राजस्व टीम को दिया। वही आग बुझने के काफी देर बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचने पर ग्रामीणों में नाराजगी रही।

### आग की चपेट में आने से पांच बकरियों की मौत

#### शॉर्ट सर्किट से लगी आग बनी मौत का कारण

**फूलपुर।** फूलपुर विकास खण्ड के सौरहा गांव में बुधवार दोपहर शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिसकी चपेट में आने से 5 बकरियां बुरी तरह झुलस गई। सौरहा गांव निवासी मोहम्मद अमीन की बकरियां घर के एक छप्पर में बधी थी। भुक्तभोगी ने बताया कि घर पर शॉर्ट सर्किट से गिरी चिंगारी से छप्पर जलने लगा जिसकी चपेट में बकरिया भी आ गई। जब तक बकरियों को हटाया जाता तब तक वो बुरी तरह झुलस चुकी थी। सूचना राजस्व विभाग के साथ-साथ पशुधन चिकित्सा अधिकारी को दी गई। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने सभी मृतक बकरियों का पोस्टमार्टम किया। वहीं घटना से बकरी पालकों में गहरी मायूसी छाई रही।



आग की चपेट में आकर मरी हुई बकरिया व मौके पर उपस्थित पशु चिकित्सक

## उत्पीड़न से तंग आकर जीतेंद्र ने की थी खुदकुशी आरोपी को जेल

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** विगत दिनों एक युवक रेलवे ट्रैक के निकट घायल हालत में पाया गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी । मृतक के पिता ने हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। मऊआइमा पुलिस ने विवेचना के दौरान पाया कि जीतेन्द्र को किशोरी के परिजनों ने बहुत उत्पीड़न किया जिससे तंग आकर जीतेन्द्र ने आत्म हत्या की थी। इंस्पेक्टर मऊआइमा ने भागे नामजद आरोपी किशोरी के पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।तथा शेष आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कखरी मातपुर गांगा का पूरा निवासी जीतेन्द्र कुमार सरोज पुत्र समरजीत 25 मार्च को रेलवे ट्रैक के निकट खून से लहुलुहान हालत में मिला था उपचार के दौरान रात में ही जीतेन्द्र की मौत हो गयी थी। जिसपर मृतक के पिता समरजीत सरोज ने गांव के अशोक कुमार, उनके पुत्र विकास और रवी तथा अशोक के दामाद संजय सरोज एंव अशोक के भाई लालचन्द्र के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना के दौरान पता चला कि मृतक जीतेन्द्र अशोक कुमार की लडकी से प्रेम करता था दोनों तीन माह पूर्व भाग कर हरियाणा चले गए थे। इंस्पेक्टर मऊआइमा सुरेश सिंह ने बताया कि जब वापस लौटे तो गांव में पंचायत हुई जहां पर जीतेन्द्र और अशोक कुमार की पुत्री शादी के लिए राजी थे । परन्तु लडकी के परिजन राजी नहीं थे न ही जीतेन्द्र का मौसा गनेश ही राजी था। तथा जीतेन्द्र को जमकर जलील किया गया था। और आए दिन धमकी दे कर प्रताड़ित करते थे । जिससे तंग आ कर जीतेन्द्र ने आत्म हत्या कर ली। इंस्पेक्टर के अनुसार हत्या की धारा को आत्महत्या में तरमीम करते हुए अशोक कुमार को सबइंस्पेक्टर रामभवन वर्मा ,विपिन कुमार ,कांस्टेबल तौफीक खां ,इन्दल कुमार ने दबिश दे कर आरोपी अशोक कुमार सरोज को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। तथा शेष आरोंपियों की तलाश जारी है।

### दो दिन पहले अगवा की गई युवती बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार

**शंकरगढ़।** दो दिन पहले अगवा की गई युवती को शंकरगढ़ पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया है। यह मामला शंकरगढ़ थाना क्षेत्र का है। उक्त मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बीते 28 मार्च को एक युवती का अपहरण किया गया था। इसका मामला थाना में दर्ज है। इसी क्रम में आज मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को धर दबोचा गया। थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि आज थाने की पुलिस टीम ने नारीबारी बस स्टैंड के पास से उक्त मामले के अभियुक्त साहिल उर्फ गोलू पुत्र शाहिद अली (निवासी वार्ड संख्या एक, चिकान टोला, कस्बा शंकरगढ़) को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके उपरांत उक्त के कब्जे से अपहृत की गई युवती को बरामद किया गया। इस मामले का मुकदमा थाना में धारा 363, 366, 3(2)वी एससी एसटी एक्ट के तहत दर्ज है। उक्त प्रकरण में 48 घंटे के भीतर युवती को बरामद करने के उपरांत पुलिस ने मामले की जानकारी युवती के परिजनों को दी। इस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में सब इंस्पेक्टर ऋतुराज सिंह, हेड कांस्टेबल राजेश सिंह, महिला कांस्टेबल लक्ष्मी यादव मौजूद रहीं।

## केपी श्रीवास्तव के पक्ष में मेजा में हुई बैठक

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** प्रत्याशी केपी श्रीवास्तव की चुनावी रणनीति को धार देने के लिए संगठन ने कमर कस ली है, वहीं जनप्रतिनिधियों की भी कड़ी परीक्षा है। इसी क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष विभव भारती ने एम एल सी प्रत्याशी केपी श्रीवास्तव के साथ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मेजा गंगा प्रसाद मिश्र की अध्यक्षता में बुधवार को मेजा स्थित स्वराज गेस्ट हाउस में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर वोटरों को साधने की रणनीति बनाई। एम एलसी चुनाव में जातीय समीकरण कम सत्ता का दम ज्यादा काम करता है।प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद पार्टी की नजर एमएलसी चुनावों पर है। इन चुनावों में बेहतर प्रदर्शन कर पार्टी आने वाले दिनों में नगर निगम एवं 2024 में लोकसभा चुनावों की पिच तैयार कर सकती है। बुधवार को जिला संगठन ने ब्लाक प्रमुखों के जरिए ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों को साधने पर बैठक कर लंबा होमवर्क किया। ज्यादातर प्रमुख भाजपाई हैं, ऐसे में संगठन को ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ रही है। जिलाध्यक्ष जिलाध्यक्ष विभव भारती ने कार्यकताओं को चुनावी जमीन मजबूत करने के लिए नई व्यूह रचना की है। जातीय संतुलन साधते हुए अल्पसंख्यक वोटों को भी हासिल करने का प्रयास है। वहीं, प्रत्याशी केपी श्रीवास्तव ने भाजपा पदाधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय रखते हुए जीत के लिए पसीना बहा रहे हैं। भाजपाइयों का कहना है कि प्रदेश में सरकार बनने की वजह से विधायक एवं मंत्री लखनऊ में व्यस्त रह गए।सूत्रों के मुताबिक दो अप्रैल के बाद भगवा रणनीति की धार तेज होगी।इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला संयोजक चुनाव सोमनाथ द्विवेदी, अमरनाथ यादव, जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारतीय, पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडे,पूर्व ब्लाक प्रमुख मेजा मुन्नन शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवदत्त पटेल, प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख, मंडल अध्यक्ष कामेश्वर पटेल, राजेश पटेल जिला पंचायत सदस्य, चुनाव संयोजक नाथू गुप्ता जिला मंत्री, चुनाव सह संयोजक नित्यानंद उपाध्याय, जयशंकर पांडेय, आशू मिश्रा, अनिल पांडेय, राजेंद्र प्रसाद पांडे,संजय तिवारी, पंकज राव, विमलेश पाण्डेय,तथा मेजा ब्लाक के समस्त ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य जिला पंचायत सदस्य मौजूद रहे।




संबोधित करते प्रत्याशी केपी श्रीवास्तव

## न्यूज झरोखा

### यसपी यमुनापार द्वारा थाना मेजा का किया गया औचक निरीक्षण

#### कार्य मे लापरवाही करने पर की जायेगी सख्त कार्यवाही : सौरभ दीक्षित



**मेजा रोड।** मेजा आज दिनांक 30 मार्च 2022 को पुलिस अधीक्षक यमुनापार सौरभ दीक्षित द्वारा थाना मेजा में औचक पहुचकर विन्दुवार जांच की गयी उनके द्वारा अपराध रजिस्टर, आकस्मिक निरीक्षण रजिस्टर व बीट रजिस्टर, दिवसाधिकारी व विवेचना सम्बन्धी जांच करते हुये विवेचकों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।सभी को सख्त लहजे में कहा कि कार्य मे लापरवाही करने पर सख्त कार्यवाही की जायेगी।इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक थाना मेजा तुसार दत्त त्यागी व उपनिरिक्षक व कार्यालय के पुलिस कर्मी व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आयोजित



**जंघई।** श्री देवी प्रसाद महाविद्यालय पिलखिनी में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाइयों के विशेष शिविर के छठे दिन ग्राम सभा जंघई, पिलखिनी एवं भुलेन्द्र में स्थित प्राथमिक विद्यालय मे गहन स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रदीप कुमार, कमलेश कुमार एवं राम कैलाश के नेतृत्व में छात्र छात्राओं ने प्राथमिक विद्यालय के सम्पूर्ण परिसर तथा नाली और हैन्डपम्प के पास से सभी प्रकार गन्दगी एवं कचड़े को साफ किया तथा कूड़े को उठा कर उसका समुचित निस्तारण किया। प्राथमिक विद्यालय जंघई की प्रधानाचार्या संगीता ने इस स्वच्छता अभियान कार्यक्रम की प्रशंसा किया और छात्रों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम अधिकारी कमलेश कुमार ने स्वयं स्वच्छता कार्यक्रम भाग लिया छात्रों को लगातार उत्साहित किया और कहा कि स्वच्छता अपनाकर राष्ट्र को सुन्दर बनाया जा सकता है इस कार्यक्रम में सहयोगी अध्यापक बृजेश यादव ने भी छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

### केंद्रीय टीम सर्वे करने पहुंची, सड़क की सफाई के लिए निकलीं मशीनें

**प्रयागराज।** शहर की स्वच्छता का सर्वे करने के लिए केंद्र सरकार की टीम ने शहर में डेरा डाल दिया है। केंद्रीय टीम के आगमन के बाद नगर निगम ने शहर स्वच्छ बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। सड़कों की धूल साफ करने के लिए मशीनें उतार दी गई हैं। सड़कों किनारे पेड़ों से गिरी पत्तियां तक साफ की जा रही हैं। गलियों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नई दिल्ली से स्वच्छ सर्वेक्षण की टीम के आने पर नगर निगम के अधिकारी मौन है। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों का कहना है कि सोमवार को पहुंची केंद्रीय टीम ने गुपचुप तरीके से शहर की सफाई का सर्वेक्षण शुरू कर दिया। स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत इस बार हर वार्ड में 11 मुहल्लों को सफाई के लिए चिन्हित किया गया है।

## कलश यात्रा के साथ संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ



कलश यात्रा में शामिल महिला श्रद्धालु



कलश यात्रा में शामिल पुरुष श्रद्धालु

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** यमुनापार के नगर पंचायत शंकरगढ़ में बुधवार से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हो गया। आठ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के प्रथम दिन सुबह के पहर भक्तों ने भव्य कलश यात्रा निकाली। सुबह पीत वस्त्र में महिलाओं और पुरुषों ने सिर पर कलश रखकर नगर पंचायत के विभिन्न मोहल्लों का भ्रमण किया। कलश यात्रा से पूर्व आयोजन स्थल पर विधि-विधान से पूजा अर्चना भी की गई। शंकरगढ़ की पुरानी बाजार स्थित आर्य राम वाटिका में बुधवार से श्रीमदभागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का समापन छह अप्रैल को हवन पूजन और प्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा। श्रीमद भागवत कथा का वाचन दूसरे पहर तीन बजे से शाम सात बजे तक किया जाएगा। भागवत कथा के प्रथम दिन व्यास पीठ से कथाव्यास आचार्य विकास जी महाराज ने कथा का शुभारंभ किया। आयोजन की मुख्य यजमान शकुंतला देवी पत्नी स्व. राधेश्याम केसरवानी और निर्मला देवी पत्नी स्व. जगदीश प्रसाद केसरवानी ने कस्बे के समस्त व्यापारियों संग क्षेत्रवासियों से आयोजन में शामिल होने, कथा का रसपान करने का आह्वान किया गया है।

### कस्बे में हुआ कलश यात्रा का स्वागत

नगर पंचायत शंकरगढ़ में निकली कलश यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। बाजार में जगह-जगह भक्तों ने पुष्प वर्षा कर जय श्रीराम का उद्घोष किया। कलश यात्रा में समाज सेवी सुधा गुप्ता, सुशीला देवी, मीना केसरवानी, वंदना केसरवानी, श्वेता केसरवानी, रीता केसरवानी, साधना केसरवानी, रंगीता केसरवानी, खुशबू केसरवानी, नेहा, उमा वर्मा, रेनू, रूबी, शालिनी, लीला देवी, मूलचन्द केसरवानी, अनूप केसरवानी, रतन केसरवानी, सुजीत केसरवानी, रोहित केसरवानी, मुकेश पाठक, टमाटर गुरु, रामायण शुक्ला, विनोद केसरवानी, जय केसरवानी, राजेश केसरवानी, सत्यम मिश्रा, रामनारायण केसरवानी, राजन गुप्ता, मुकेश पाठक, दुदुन तिवारी, सौरभ केसरवानी, अजय कुमार आदि सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### चचेरे भाई की हत्या करने वालो को पुलिस ने भेजा जेल

**झूंसी।** क्षेत्र के भतकार निवासी शिव कुमार निषाद की हत्या करने वाले उसके चचेरे भाइयो को पुलिस ने औद्योगिक थाना क्षेत्र के लावायन कला से गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर झूंसी एसपाल सिंह ने बताया कि आरोपी प्रदुम्न व कल्लू सगे भाई है उनकी भाभी से शिव कुमार के अवैध सम्बन्ध थे यह बात प्रदुम्न व कल्लू को नागवार लगती थी कई बार शिव कुमार को समझाया भी था पर वह नही माना मंगलवार की रात शिव कुमार महिला से मिलने पंहुचा था उसी वक्त घर वालो ने देख लिया और विवाद शुरू हो गया। कल्लू और शिव कुमार में मारपीट होने लगी तभी प्रदुम्न भी आ गया और पीट पीट कर शिव कुमार को मार डाला। घटना के बाद दोनों भाई औद्योगिक थाना क्षेत्र के लवायन कला में छिपे थे जहाँ से पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# पेट्रोल डालकर खुदकुशी के मामले आठ छात्रों पर दर्ज हुआ मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में कुलपति कार्यालय पर प्रदर्शन के दौरान पेट्रोल डालकर खुदकुशी की कोशिश मामले में कर्नलगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर हर्ष कुमार की तहरीर पर अजय सिंह सम्राट, अमित कुमार पांडेय, आशुतोष पटेल उर्फ राहुल पटेल, सत्यम कुशवाहा, शिवबली यादव, हरिओम यादव, मोहम्मद सैफ, पवन शर्मा और अन्य अज्ञात के खिलाफ परिसर में पठन-पाठन का माहौल बिगाड़ने, धरना प्रदर्शन, साजिश रचने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। चीफ प्रॉक्टर ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वार्षिक परीक्षा ऑनलाइन कराने की मांग को लेकर छात्र 14 फरवरी से आंदोलन कर रहे थे। 25 मार्च को दोपहर में अमित कुमार पांडेय, अजय सिंह उर्फ सम्राट, आशुतोष पटेल उर्फ राहुल पटेल, सत्यम कुशवाहा व शिवबली यादव आदि के भड़काने पर हरिओम यादव, मोहम्मद सैफ, पवन शर्मा एवं तीन अज्ञात छात्रों ने पेट्रोल छिड़ककर आत्महत्या का प्रयास किया।इस दौरान वहां अफरातफरी मच गई। परिसर में भय का माहौल व्याप्त हो गया। किसी तरह पुलिस व सुरक्षाकर्मियों ने स्थिति को नियंत्रि किया। तहरीर पर कर्नलगंज पुलिस ने आठ नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा लिखकर जांच शुरू कर दी है।


आत्मदाह का प्रयास करते विश्वविद्यालय के छात्र

### शुआट्स के स्कूल ऑफ फिल्म एंड मास कम्यूनिकेशन में हुए ऑडिशन

**प्रयागराज।** स्कूल ऑफ फिल्म एंड मास कम्युनिकेशन, सैम हिग्गनबॉट्म युनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी एण्ड साईन्सेज, में दो शार्ट फिल्मो के ऑडिशन का आयोजन किया गया । ऑडिशन में प्रयागराज शहर के विभिन्न कलाकारों ने हिस्सा लिया और अपनी अभिनय क्षमता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना से हुई तदोपरान्त एस०एफ०एम०सी के डीन, डॉ0 सैय्यद एच. मजहर ने प्रतियोगियों का हौसला बढ़ा कर प्रोत्साहित किया । उन्होंने कहा कि फिल्म कम्युनिकेशन का एक सशक्त एवं प्रभावशाली माध्यम है । एसिस्टेंट प्रोफेसर अनीशा हैनरी नें जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल ऑफ फिल्म एंड मास कम्युनिकेशन के विद्यार्थी दो शार्ट फिल्मों का निर्माण कर रहे है– ह्यह्यमुखालिफत और पेज नंबर जिसका लेखन, निर्देशन, कैमरा और बाकी सारी चीजें पोस्ट ग्रेजुएट और अंडर ग्रेजुएट के अंतिम सेमेस्टर के छात्र करेंगे। इन दोनों फिल्मों का सुपरविजन डिपार्टमेंट के अस्सिस्टेंट प्रोफेसर राममणि त्रिपाठी और अनीशा हेनरी करेंगे। ऑडिशन के उदौरान कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन किया गया ।

## न्यूज झरोखा

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत



**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के फतुहा गांव में बुधवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की मौत हो गई। मायके वालों ने ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए मामले की सूचना पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। सरायममरेज निवासी शकील अहम ने अपनी बेटी तबस्सुम बनो का निकाह फतुहा निवासी सलीम से 2 जनवरी को किया था। बुधवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थिति में तबस्सुम बानो की मौत हो गई। मृतका के पिता ने ससुराल वालो पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है वही पति की मानें तो तबस्सुम बानो की तबीयत काफी दिनों से खराब थी बुधवार को अचानक तबीयत बिगड़ी तो उसे पास के हॉस्पिटल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने तबस्सुम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज मृतका तबस्सुम बनो के पिता शकील अहमद की तहरीर पर पति सलीम सहित ससुराल वालों पर दहेज हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

### ढ़ाई बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख



**हंडिया।** उतरांव थाना क्षेत्र के यासीन पुर नीमी थरिया बॉर्डर पर संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि ग्रामीण घंटों बाद आग पर काबू पाये। जब तक कि ग्रामीण आग पर काबू पाते तब तक लगभग ढाई बीघा फसल जलकर राख हो गया।किसानों ने इसकी सूचना पुलिस समेत राजस्व टीम को दिया। घण्टों बाद ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं आग बुझने के बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। किसान दीनानाथ शंभू नाथ का लगभग ढाई बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई।

### मेधावियों को किया गया सम्मानित



**झूंसी।** जीटी रोड अंदावा स्थित महेंद्र प्रताप सिंह पब्लिक स्कूल के वार्षिक परीक्षा में शत प्रतिशत अंक लेन वाले मेधावियों व रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मनमोहक प्रस्तुति देने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का शुभारम्भ ट्रस्टी गोल्डी सिंह, डायरेक्टर उषा हैमिल्टन एवं प्रधानाचार्य सीना मरियम ने दीप प्रज्ज्वलन से किया। जिसके बाद छात्राओं ने सरस्वती वंदना के बाद रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षक, अभिवावक तालियों से बच्चो का उत्साहवर्धन करते रहे। ट्रस्टी गोल्डी सिंह ने सभी बच्चो का पुरस्कृत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आखिर में सभी अभिभावकों को उनके बच्चों का परीक्षा परिणाम भी दिखाया गया।

### स्वच्छता पखवाड़ा : गंगादूतो ने चलाया गंगा सफाई अभियान



**प्रयागराज।** नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत (16-31मार्च) गंगा स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खण्ड सैदाबाद के गंगा गांव दुमदुमा में गंगा स्वच्छता जागरूकता एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया।स्पीयरहेड लीडर राहुल निषाद एवं सचिन निषाद ने गंगादूतो के सहयोग से गंगा घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। और गंगा स्वच्छता हेतु नारे लगा कर लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया गया । कार्यक्रम के अंत में सभी को गंगा स्वच्छता शपथ दिलाई गई। नमामि गंगे की जिला परियोजना अधिकारी ने बताया नदी में जल का प्रवाह कम हो जाने के कारण गंगाझ्रजल में अशुद्धियों की मात्रा बढ़ती जा रही है। प्राचीनकाल में इसका तीव्र प्रवाह इसकी अशुद्धियों को अपने साथ बहा ले जाता था और इसकी पवित्रता बनी रहती थी।अत्यधिक प्रदूषण के कारण गंगा नदी के जल से ऑक्सीजन की मात्रा लगातार कम होती जा रही है। नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत निरंतर प्रयागराज के विभिन्न गंगा ग्रामों में युवाओं को जोड़ कर ग्रामीण क्षेत्र के जन समुदाय को नदियों के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति नुक्कड़ नाटक ,प्रभात फेरी गंगा चौपाल, पौधारोपण , श्रमदान, गंगा प्रदर्शनी,सोशल मीडिया इत्यादि के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है ।उक्त कार्यक्रम में गंगादूत सूरज निषाद, राम अवतार निषाद, राहुल, संतोष ,अकाश सुभाष ,दिलीप ,धर्मेंद्र ,शब्बीर रोहित आदि ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया।

# रुद्रा संगम एलटीज वेलफेयर सोसाइटी का हुआ गठन


निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रणाम-पत्र प्राप्त करते हुए पदाधिकारी

अखंड भारत संदेश

**झूँसी प्रयागराज।** रुद्रा संगम अपार्टमेंट अन्दावा झूँसी में बिल्डर द्वारा सोसाइटी स्थानांतरित करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है इसके तहत रुद्रा अपार्टमेंट के एलटीज द्वारा सोसाइटी के प्रतिनिधियों के चयन हेतु चुनाव सम्पन्न कराया गया। चुनाव में रुद्रा परिवार के सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कुल एलटीज 377 में से 254 वोटरों ने वोटिंग की। चुनाव अधिकारी प्रमोद कुमार दिवेदी ने बताया कि निम्न पदाधिकारी विजयी हुए हैं अनिल सिंह अध्यक्ष पर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी संतोष सिंह को 09 मतों से पराजित कर अध्यक्ष पद पर विजय प्राप्त किया । साथ ही उपाध्यक्ष पद पर अशोक यादव, सचिव सन्तोष द्विवेदी के साथ साथ रीतू सिंह, शौरभ सिंह, रितु पाठक,सतीश सिंह , सुरेश चंद्र शुक्ला ने सदस्य पद पर विजयी हुए है। चुनाव शान्त पूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न हुआ। चुनाव में दो पैनल के बीच कटे की टक्कर रही। टॉवर चार से सदस्य पद पर अजय वर्मा एवं सुरेश चंद्र शुक्ल ने बराबर वोट पाने के बाद लाटरी सिस्टम से विजेता पद का निर्णय हो सका। सोसाइटी के वरिष्ठ सदस्य वी0बी0 सिंह, आलोक मिश्रा, जी0 सी0 पाण्डेय , सुनील श्रीवास्तव, अशोक कुमार मिश्रा आदि ने विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी।

## बोर्ड परीक्षा से पहले छात्र लापता, अपहरण की रिपोर्ट दर्ज

**प्रयागराज।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के कालिंदीपुरम इलाके से 23 मार्च को छात्र अभिनव विश्वकर्मा लापता हो गया। 24 से अभिनव को हाईस्कूल की परीक्षा देनी थी। अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आठ दिन बीतने के बाद भी अभिनव का कोई सुराग नहीं लगा है। कालिंदीपुरम धूमनगंज निवासी धर्मराज विश्वकर्मा जसरा स्थित केदारनाथ इंटर कालेज में अध्यापक हैं। उनका बेटा अभिनव विश्वकर्मा (14) केदारनाथ इंटर कालेज में हाईस्कूल का छात्र है।24 मार्च से हिंदी का पहला पेपर था। 23 मार्च की शाम अभिनव घर से कहीं निकल गया। जब वह काफी देर तक नहीं आया तो घर वालों ने ढूंढना शुरू किया। कहीं पता नहीं चला। सारे रिश्तेदारों और दोस्तों के घर पता करने के बाद धर्मराज ने 24 को धूमनगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। धर्मराज ने बताया कि अभिनव ने अपनी मां तक से कुछ भी नहीं बताया था।

## चरस तस्करी के आरोपियों की 13 साल की कैद को माना पर्याप्त सजा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि अपराध की सजा एक सामाजिक विधिक प्रक्रिया है। देश में दंडादेश की कोई नीति निर्धारित नहीं की गई है। न्यायाधीश तथ्यात्मक परिस्थितियों के तहत सजा के औचित्य पर विचार कर विवेक का सैद्धांतिक प्रयोग करते हुए उचित दंड तलाशता है। अपराध की तुलना में दंड दिया जाता है, जिसके तहत वह अपराध के लिए निर्धारित न्यूनतम से अधिकतम सजा के बीच दंड दे सकता है। और 18 साल की सजा सुनाई गई थी, 13 वर्ष की कैद को पर्याप्त करार दिया। हाई कोर्ट ने व्यावसायिक यात्रा में एक कुंतल चरस की तस्करी के आरोपियों द्वारा जेल में बिताए 13 साल की कैद को पर्याप्त माना है। 15 व 18 साल की सजा को 13 साल की सजा में परिवर्तित कर दिया है। साथ ही तीन व चार लाख रुपये के जुमार्ने को घटाकर एक-एक लाख रुपये कर दिया है। जुमार्ना नहीं जमा करने पर एक साल की सजा भुगतनी होगी। हाई कोर्ट ने कहा कि जिस पिकअप में चरस बरामद की गई उसके मालिक को केवल मालिक होने के कारण अधिक सजा देना उचित नहीं है। यह फैसला न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने कानपुर नगर के यशपाल सिंह यादव व संजय कुमार विश्वकर्मा की सजा के खिलाफ अपीलों को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए दिया है। कोर्ट ने अपना फैसला हिंदी भाषा में लिखा है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के फैसलों व मालीमथ समिति व माधव मेनन समिति की सजा की नीति को दाखिल रिपोर्ट पर भी विचार किया गया।अभियोजन के मुताबिक, पिकअप वैन से 100 किलो चरस बरामद हुई थी। इसमें दोनों आरोपितों पर केस चला। अधीनस्थ कोर्ट ने यशपाल को 15 साल कैद, तीन लाख रुपये जुमार्ना व जुमार्ना नहीं देने पर दो साल अतिरिक्त कैद तथा संजय को 18 साल की कैद, चार लाख रुपये जुमार्ना व जुमार्ना न देने पर तीन साल अतिरिक्त कैद की सजा सुनाई। इसके खिलाफ हाई कोर्ट में अपील दाखिल की गई थी।

## जमीन को लेकर दो पक्षों में खूनी खेल, लाठी डंडो व रॉड से हमला

अखंड भारत संदेश



**हंडिया।** प्रयागराज के हंडिया थाना क्षेत्र मानिकपुर गांव में विवादित जमीन को लेकर दो पक्षों में मार पीट हो गई। मार पीट में चार लोग लहूलुहान हो गए। सभी को नजदीकी सरकारी अस्पताल भेजा गया , जिसमें से एक के सिर में गंभीर चोट आई, उसे सीएचसी से एसआरएन रेफर कर दिया गया।हंडिया थाने के मानिक पुर गांव में अद्यिका प्रसाद पांडेय और पड़ोसी केदार पांडे के बीच एक जमीन को लेकर कई सालों से विवाद है। अद्यिका प्रसाद पांडेय ने विवादित जमीन पर निर्माण कार्य कराना शुरू कर दिया। जिसका विरोध पड़ोसी केदारनाथ पाण्डेय ने किया । विरोध करने पर पड़ोसी ने घर में किसी के न होने का फायदा उठाते हुए केदारनाथ पाण्डेय की जमकर पिटाई कर दी।पीड़ित के बेटे संदीप को जब घटना के बारे में जानकारी हुई तो वह भतीजे अमित पांडेय व अंबुज पांडेय के साथ अपने ढाबे से घर पहुंच गया। संदीप ने बताया की वहां विपक्षी आद्यिका प्रसाद, भुल्लर पांडे, ननकू पांडे, गुलाब पांडेय, अमित पांडेय व लवकुश पहले से ही घात लगकर बैठे थे। विपक्षियों ने रॉड, सरिया, अवैध असलहा व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बीच बचाव में आए भतीजे अंबुज पांडेय व अमित पांडेय पर भी विपक्षियों ने हमला कर दिया।सभी के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलो को सीएचसी उपरदहा, हंडिया में भर्ती कराया गया। अंबुज की स्थिति ज्यादा गंभीर होने पर उसे डाक्टर ने सीएचसी से सीआरएन रेफर कर दिया। वहीं संदीप पाण्डेय ने घायल अवस्था में पहुंचकर मामले की लिखित तहरीर हंडिया थाने में दी है।

# एमएलसी प्रत्यासी कमल मिश्रा के पक्ष में लामबंद हुए प्रधान और बीडीसी संघ

अखंड भारत संदेश


पंचायत संगठन कोराव अपने वजुद के लिए संघर्ष केरते हुए

**कोरांव।** अखिल भारतीय प्रधान और बीडीसी संगठन कोराव मांडा, करछना, मेजा, उरुआ के पदाधिकारियो सदस्यों ने चुनाव कार्यालय कोरांव पर तीन बजे विशाल बैठक आहूत की। बैठक में प्रत्यासी कमल मिश्रा के समर्थन में सभी सदस्यों ने एकजुटता दिखाई,और विजय होने की रणनीति बनाई। भावुक हुए कमल मिश्र के प्रति सच्ची निष्ठा और तन्मयता पूर्वक भारी मतों से जिताने की अपील ग्राम प्रधानों बीडीसी मेंबरों ने किया। और कृत संकल्पता दुहराई। दोनों जनपद से भारी बहुमत समर्थन मिलने से संगठन ने किसी के सामने घुटने न टेकने की घोषणा की। संगठन ने सरकार के नुमाइंदों से संगठन को समर्थन देने की बात कही। जिससे पंचायतों का वजूद कायम रहे। सदस्यों ने बैठक में कहा की ग्राम प्रधान बिकने वाले नहीं है और न ही डरने वाले हैं। संगठन का एमएलसी बना कर ही दम लिया जायेगा। सगठन का कहना है कि सत्ता के नुमाइंदों को कोई बात करनी है तो संगठन से खुली वार्ता कर सकते हैं जिसमें पूरा संगठन मौजूद हो। मिश्रा तुम स घर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं। के नारे से ब्लॉक मुख्यालय पर संगठन के पदाधिकारियों ने आवाज बुलंद की।

बैठक में बीडीसी संघ कोराव के ब्लॉक अध्यक्ष कपिल कुशवाहा और नेता उमाशांक ने कहा की बीडीसी मेंबरों का ब्लॉक मुख्यालय पर शोषण हो रहा है। जो बर्दाश्त नहीं किया।जाएगा। उन्होंने कहा कि शपथ समारोह के बाद आयोजित हुई बैठकों में कितनी बार बीडीसी मेंबरों को आमंत्रित किया गया कितनों को मानदेय भत्ता दिया गया किसी भी सदस्य को जानकारी नहीं हुई। इसका कारण और ब्यौरा दिया जाए। साथ ही तीन अप्रैल को आयोजित विशाल बैठक में बीडीसी संगठन अपना पत्ता खोलेगा कि किस तरह मेरा संगठन कामयाब हो और कमल मिश्र को किस तरह भारी मतों से जिताया जाए। संगठन का दावा है कि को ई भी लड़ेगा संगठन से लड़ेगा। सगठन की जीत सुनिश्चित है।

**ब्लॉक में बीडीसी लोगों की उपेक्षा से लोग अक्रोषित, अखिल भारतीय पंचायत परिवार की बैठक**

## नैनी में ट्रक की चपेट में आने से एक की मौत, दो घायल

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के मामा भांजा विद्युत उपकेंद्र के समीप प बुधवार को ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई और दो युवक घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। वहीं मृतक के परिजनों में कोहराम मचा रहा।

जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र स्थित भंडरा गांव निवासी मोहम्मद हसन (19) पुत्र अफसार मजदूरी करते थे। वह बुधवार सुबह बाइक से शहर की ओर जा रहे थे। बाइक पर उसके दो दोस्त शहनवाज (23) व शुभान (20) भी बैठे हुए थे। बताया जाता है कि मोहम्मद हसन बाइक लेकर मामा भांजा विद्युत उपकेंद्र के समीप से गुजर रहे थे। उसी दौरान वह ट्रक की चपेट में आ गए और तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया। जहां जांच पड़ताल के बाद डॉक्टरों ने मोहम्मद हसन को मृत घोषित कर दिए। जबकि अन्य दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कर लिया गया। वहीं मृतक के परिजनों में कोहराम मचा रहा। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया।

**मृतक के परिजनों में मचा रहा कोहराम**

## हत्यारोपित पति को 10 वर्ष की कारावास

**प्रयागराज।** विवाहिता को जलाकर मारने के आरोपित पति मोहम्मद जाकिर को 10 वर्ष की कैद, दो हजार रुपये का अर्थदंड व सास अख्तरी को सात वर्ष की कैद व दो हजार रुपये के अर्थदंड से सेशन न्यायालय ने दंडित किया है। अपर जिला जज नुसरत खान ने आरोपितों के अधिवक्ता और जिला शासकीय अधिवक्ता भानु प्रताप सिंह के तर्कों को सुनने के बाद पत्रावली पर उपलब्ध कागजात के अवलोकन के बाद फैसला सुनाया। मकबूल अहमद ने थाना धूमनगंज में 28 अक्टूबर 2014 को मुकदमा दर्ज कराया था कि उसकी पुत्री की शादी मरियाडीह निवासी मोहम्मद जाकिर के साथ दो वर्ष पहले हुई थी। दहेज की मांग पूरी न होने पर आरोपितों ने जलाकर मार डाला था।

# मनमनानी के चलते नहीं मिल पा रहा है रोजगार सेवकों का मानदेय

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** विकास खंड मऊआइमा में रोजगार सेवको को मानदेय न मिलने से आक्रोशित होकर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन दिया गया जबकि विकास खंड मऊआइमा अधिकारी द्वारा ए पीओ को मानदेय देने को आदेशित किया गया था कि रोजगार सेवको को मानदेय दे दिया जाए, लेकिन विकासखंड मऊआइमा में तैनात ए पी ओ की मनमानी के चलते से नहीं मिल पा रहा है रोजगार सेवकों का मानदेय जिसको लेकर रोजगार सेवकों द्वारा विकासखंड मऊआईमा परिसर में भूख हड़ताल तालाबंदी तथा हंगामा काटा गया, जिसमें बी डी ओ मऊआइमा से बात करने पर बी डी ओ मऊआइमा के द्वारा बताया गया आज रोजगार सेवको को मानदेय दे दिया जाएगा, और ए पी ओ की लापरवाही बड़ी देखने को मिल रही है जहां ए पी ओ के द्वारा आवास की मजदूरी का पैसा दूसरो के खातों में फर्जी भेजकर बंदरबांट किया जा रहा है ऐसे भ्रष्ट कर्मचारी अधिकारी के ऊपर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कार्यवाही ना किए जाने से रोजगार सेवकों में आक्रोश व्याप्त है अब देखना है कि भाजपा की योगी सरकार में ऐसे भ्रष्ट कर्मचारी के खिलाफ क्या कार्रवाई होती है यह एक जांच का विषय है। मौके पर उपस्थित गंगापार अध्यक्ष अनवर हुसैन, कन्हैया लाल, संदीप कुमार, संतोष कुमार,अजय कुमार, दयाराम,नीलम समेत दर्जन भर लोग मौजूद रहे।


प्रदर्शन करते रोजगार सेवक

## बारजे का ढोला खोलने के दौरान मजदूर घायल

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के मुक्ता विहार कॉलोनी के समीप बुधवार को बारजे का ढोल खोलने के दौरान एक मजदूर घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र के मसिका गांव निवासी अनूप कुमार (26) मुक्ता विहार कॉलोनी में अपने अन्य मजदूर साथियों के साथ नवनिर्मित मकान के बारजे का ढोल खोल रहा था। तभी अचानक बांस बल्ली आदि गिरने से वह घायल हो गया।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि यूपी बोर्ड सन 2008 इंटरमीडिएट परीक्षा की उत्तीर्ण टीसी कहीं खो गई है अतः प्रार्थी को शैक्षणिक उपयोग हेतु टीसी की द्वितीय प्रति की आवश्यकता है। **फराज अंसार पुत्र स्वर्गीय अंसार अहमद निवासी बी-1232 जी.टी.बी नगर करैली प्रयागराज।**

# पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मेलन कर भाजपा के पक्ष में बनाया जा रहा माहौल

## विधान परिषद चुनाव में भाजपा ने झोंकी ताकत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले में विधान परिषद के चुनाव में भाजपा ने इस बार अपनी पूरी ताकत भाजपा प्रत्याशी हरिप्रताप सिंह को विजयश्री दिलाने के लिये झोंक दिया है। प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री रहे राजेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ मोती ने बुधवार को चिलबिला के श्रीराम रिसार्ट में पट्टी व बेलखरनाथ धाम ब्लाक के ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, नगर पंचायत अध्यक्षों, सभासदों, ब्लाक प्रमुखों व जिला पंचायत सदस्यों के सम्मेलन में कहा कि भाजपा प्रत्याशी को इतना समर्थन दें कि कुछ मतों से हारने का गम लोग भूल जाएं।

उन्होंने कहा कि कुछ गलतियों से चुनाव भले ही हार गये हों, लेकिन मुझे पट्टी क्षेत्र की जनता पर आज इतना भरोसा है कि आप सभी का भरपूर प्रयास व समर्थक भाजपा को इस बार मिलेगा। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा विधायक राजेन्द्र मौर्य ने कहा कि भाजपा को दिया मत इस मायने में सार्थक होगा कि क्षेत्र का विकास करने का हम सबको मौका मिल जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा प्रत्याशी हरिप्रताप सिंह ने पूर्व मंत्री मोती सिंह, विधायक राजेन्द्र मौर्य तथा उपस्थित सभी पंचायत प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि आप सबने आशीर्वाद दिया तो पंचायती राज को मजबूत करते हुए आप सभी के मान-सम्मान के अनुरुप विकास कार्य करुंगा। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख पट्टी राकेश सिंह, प्रमुख बेलखरनाथ आसपुर देवसरा कमलाकांत व राजकुमार, जिला पंचायत सदस्य पूनम इंसान, नगर पंचायत अध्यक्ष पट्टी खेदनलाल सहित बड़ी संख्या में पट्टी व बेलखरनाथ के पंचायत चुनाव के मतदाता मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजक की तरफ से बताया गया कि कुल गुरुवार को मंगरौरा व आसपुर देवसरा की पंचायत प्रतिनिधियों की सभा में पूर्व मंत्री मोती सिंह भाग लेंगे।



पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मेलन में बोलते पूर्व मंत्री मोती सिंह।

# देश के विकास के लिये कर्तव्यनिष्ठ होकर करें कार्या : प्रो0 शैलेन्द्र

## एमडीपीजी कालेज के एनएसएस ने निकाली जन जागरण रैली

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मुनीश्वर दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के छठे दिन कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अमिता मिश्रा (महिला इकाई) एवं डॉ. शैलेश कुमार पाण्डेय (पुरुष इकाई) के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा जन जागरण रैली निकाली गई। जन जागरण रैली के दौरान गांव में ठहराव हुआ और एनएसएस के स्वयंसेवकों के माध्यम से परशुराम गांव के गांव वासियों के समक्ष नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की गई। इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पल्स पोलियो व भ्रष्टाचार एवं अपने अधिकारों के प्रति शब्दों ,पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से जागरूकता फैलाने का सफल प्रयास किया गया। कार्यक्रम के बौद्धिक सत्र में हेमवती नंदन बहुगुणा, लालगंज, प्रतापगढ़ के प्राचार्य प्रो. शैलेंद्र कुमार मिश्र ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयं अब जागकर हमको देश जगाना है एवं देश के विकास के लिए कर्तव्यनिष्ठ होकर कार्य करना है।

असिस्टेंट प्रोफेसर शिक्षा विभाग के डॉ. निशांत पांडे ने कहा कि धर्म जाति के अंतर को तोड़ना है, भारत को जोड़ना है। डॉक्टर अभिषेक पांडे, असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीतिक शास्त्र एवं असिस्टेंट प्रोफेसर अभिषेक सिंह जी ने स्वयं सेवकों स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए साइबर क्राइम के बारे में जागरूकता प्रदान की। कार्यक्रम का समापन स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। इस प्रस्तुतीकरण में गार्गी कीर्ति पाण्डेय, शाम्भवी सिंह, अंशिका पाण्डेय, अंजली मिश्रा, अमरेन्द्र प्रताप सिंह, अंकित पाल, इंशा लईक, तान्या सिंह, प्रिया शर्मा, स्वप्निल, सौरभ सरोज आदि प्रमुख रहे।



एनएसएस द्वारा निकाली गई जन जागरण रैली में शामिल छात्र-छात्राएं

# मां बेटी को पड़ोसी आरोपियों ने पीटा

## बेटी के साथ पीड़ित महिला पहुंची थाने

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मवेशी के विवाद को लेकर पड़ोसी आरोपियों ने मां और बेटी को लाठी-डंडे तथा धारदार हथियार से मारा पीटा, और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। घटना के बाद पीड़ित मां बेटी पट्टी कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रामपुर खागल गांव की रहने वाली आशा देवी पत्नी रामेश्वर बुधवार की दोपहर पट्टी कोतवाली पहुंची और शिकायती पत्र देकर बताया कि मंगलवार की शाम को जब वह अपनी गाय को सड़क के किनारे बांध कर रखी थी, तभी उसके पड़ोसी गाय को छोड़ दिए। पीड़ित महिला ने जब इसका विरोध करते हुए इसका कारण पूछा तो आरोपी इसी बात से नाराज होकर उसे जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए लाठी डंडे से मारने पीटने लगा। पीड़ित महिला का आरोप है कि जब बीच-बचाव करने के लिए उसकी बेटी लक्ष्मी उसे छुड़ाने के लिए आई तो आरोपी ने उसे भी लात घूसा डंडे से मारा पीटा जिससे उसके हाथ में गंभीर चोटें आई। पीड़ित महिला का आरोप है कि उसने इस दौरान उसकी बेटी से छेड़खानी भी किया। पीड़ित महिला और बेटी ने आरोपी के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कानूनी कार्रवाई करते हुए जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस शिकायती पत्र लेने के बाद मामले की जांच में जुटी हुई है।

## गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** थाना फतनपुर से उ0नि0 कौशलपति मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के केवरा कलां तिराहे के पास से एक व्यक्ति मनोज सिंह पुत्र दानबहादुर सिंह निवासी सिलौधी थाना फतनपुर, प्रतापगढ को एक किलो 100 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 59/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## चोरी की बाइक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपद के थाना महेशगंज के उप निरीक्षक सुनील कुमार गुप्ता अपने हमराही के साथ देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त/चेकिंग के दौरान मु0अ0सं0 69/2022 धारा 379 भादंवि से संबंधित वांछित अभियुक्त रामकुमार पाण्डेय पुत्र प्रेमशंकर पाण्डेय निवासी ढिंगवस थाना लालगंज, जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र के रामनगर नहर रोड पीपल के पेड़ के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से उक्त अभियोग से संबंधित चोरी की एक मोटर साइकिल हॉण्डा साइन नम्बर यूपी 70 डीएन 0627 बरामद की गई। इस संबंध में महेशगंज पुलिस ने मु0अ0सं0 77/2022 धारा 411, 413, 420 पंजीकृत किया।

# पंजाबी मार्केट में नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाने का चलाया अभियान

## कल कम्पनी गार्डेन व अम्बेडकर चौराहे के आसपास हटाया गया था अभियान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका बेल्हा प्रतापगढ़ दो दिनों से नगर के प्रमुख मार्गों से अतिक्रमण हटाने के लिये पुलिस के सहयोग से अभियान चला रही है। बुधवार को अपरान्ह चार बजे से नगर पालिका को बुल्डोजर ट्रैक्टर, ट्राली लेकर नगर पालिका के कर्मचारी व कोतवाली पुलिस पंजाबी मार्केट में घुसे थे।

फिर क्या था, जिन व्यापारियों ने अपनी दुकानें बढ़ा ली थी, उन्हें हटाया गया तथा व्यापारियों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में ऐसे व्यापारियों पर जुमार्ना लगेगा। ठेले वाले तो नगर पालिका की टीम देखते ही भाग खडे. हुए थे। यह अभियान लगभग दो घंटे तक चलता रहा जिसमें काफी मात्रा में अतिक्रमण करने वाले सामान नगर पालिका ट्रैक्टर से उठा ले गई। नगर पालिका की इस कार्यवाही से व्यापारियों में हडकंप मचा रहा। बता दें कि मंगलवार को नगर पालिका ने अम्बेडकर चैराहा, राजापाल टंकी, रोडवेज बस अड्डा, कम्पनी गार्डेन के आसपास का अतिक्रमण हटाया था। अतिक्रमण हटाने के दौरान दो हजार रुपये जुमार्ना भी वसूला गया था। पंजाबी मार्केट व जीजीआईसी की चेकिंग में 5500 का जुमार्ना वसूला गया। अतिक्रमण विरोधी अभियान का नेतृत्व अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह कर रहे थे। उनके साथ नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, आरआई लाल बहादुर सिंह के अलावा अनेक पालिका कर्मचारी तथा शहर कोतवाल व चैकी इंचार्ज फोर्स के साथ मौजूद रहे।



सड़क पर हुए अतिक्रमण को ट्रैक्टर पर लादते सफाई कर्मी।

# समाज का पथ प्रदर्शक होता है शिक्षक: बीईओ

## उन्मुखीकरण संगोष्ठी शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बीआरसी सुखपालनगर ब्लाक सदर पर बुधवार को आयोजित रिटायर शिक्षक सम्मान समारोह और शिक्षा उन्मुखीकरण संगोष्ठी कार्यकम में बोलते हुए खंड शिक्षा अधिकारी सदर रिजवान खान ने कहा कि शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक होता है।

रिटायर होने के बाद भी वह समाज को सही दिशा का काम करता है। नए सत्र ने पठन पाठन और बेहतर तरीके से शुरू हो सके। इसके लिए टीचर तैयार रहें। इस मौके पर ब्लाक के विभिन्न स्कूलों से तीस मार्च को रिटायर हुए हेडमास्टर ,सहायक अध्यापक और अनुचर समेत आठ कर्मचारियों का स्वागत सम्मान हुआ। प्राथमिक शिक्षक संघ की तरफ से कौशल्या देवी, लीलावती, तबस्सुमबानो, सुरेंद्र मिश्रा, इंद्रमणि उपाध्याय, कुसुम सिंह, पुष्पा पाल और प्रेमा देवी को शाल और श्रीमद भागवत गीता की पुस्तक भेंट की गई।

शिक्षक नेता नीरज सिंह ने कहा कि शिक्षक सदैव समाज की भलाई चाहता है। सभी को रिटायर हो रहे शिक्षकों से प्रेरणा लेनी चाहिए। अध्यक्ष प्रभाकर प्रताप सिंह ने कहा कि जो शिक्षक रिटायर होकर घर जा रहे हैं। वे अपने को अकेला न समझे। उनको जब भी जरूरत पड़ेगी संघ उनके साथ खड़ा होगा। समारोह में उपस्थित कोपा समेत कई गांव के ग्राम प्रधानों और शिक्षक अभिभावक प्रबंध समिति के लोगों का माल्यार्पण कर बैज लगाकर स्वागत किया गया। संघ के अध्यक्ष प्रभाकर प्रताप सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद रिजवान को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। कार्यक्रम का संचालन टीचर राजेश कुमार सिंह ने किया। समारोह में ब्लाक के गेम टीचर शैलेंद्र सिंह शैलू, एआरपी कौशलेंद्र सिंह, सुमन सिंह, अवनीश कुमार, समेत काफी संख्या में स्कूलों के हेडमास्टर और इंचार्ज मौजूद थे।



संगोष्ठी शिक्षक सम्मान समारोह में मौजूद शिक्षकगण।

# विद्यालय प्रबंध समिति के अधिकारों और दायित्वों पर हुई चर्चा, बीआरसी केंद्र पर हुई कार्यशाला

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बुधवार को पट्टी तहसील के शीतलागंज बीआरसी केंद्र पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन करके विद्यालय प्रबंध समिति तथा बच्चों के निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा पर जोर देते हुए उसे प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय के कई शिक्षक तथा अभिभावक मौजूद रहे।

बुधवार को शीतलागंज बीआरसी केंद्र पर आयोजित कार्यशाला में निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा तथा विद्यालय प्रबंध समिति के गठन, समिति के अधिकार और दायित्व के बारे में विस्तार से चर्चा की गई प्रशिक्षक डॉ विनोद त्रिपाठी ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा की 6 वर्ष से 14 वर्ष तक की आयु वर्ग के बच्चों को प्रारंभिक स्तर निशुल्क और अनिवार्य रूप से देना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि इस वर्ग के गैर नामांकित बच्चों को संगत कक्षा में प्रवेश दिलाना हम सभी का दायित्व है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रामचंद्र शुक्ल ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए विद्यालय प्रबंध समिति की भूमिका महत्वपूर्ण और निर्णायक हो सकती है। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता प्राशिसं अध्यक्ष रमा शंकर शुक्ल जी एंव संचालन मुख्य प्रशिक्षक डा०विनोद त्रिपाठी ने किया! इस मौके पर मंत्री अजीत कुमार, उपाध्यक्ष अरुण सिंह, एआरपी डा० दिनेश वर्मा, प्रभजीत कौर, वैभव श्रीवास्तव, डा० मनोज त्रिपाठी, राम राज पाल, जिला मंत्री राजेश कुमार सरोज, डा०प्रीति मिश्र, अंजू पाण्डेय, विशिष्ट के महामंत्री ललित मिश्र सरस, नरेंद्र त्रिपाठी, आशुतोष सिंह, रामेन्द श्रीवास्तव, राजेन्द्र पटेल, अम्बिकेश पाण्डेय, प्रभात पाठक और शब्बीर अहमद आदि ने विचार व्यक्त किया।

# शाम को विद्युत कटौती से लोग परेशान

## गर्मी से लोग हो जाते है बेहाल

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील में अघोषित बिजली कटौती से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्च का महीना बीतने वाला है इस बार गर्मी विगत वर्षों से अपेक्षा अधिक पड़ना शुरू हो चुकी है। सुबह के समय तो मौसम ठीक रहता है ,लेकिन शाम के समय में प्रचंड गर्मी से लोग परेशान हो जाते हैं तो उसी समय लाइट काट दी जाती है। पिछले एक सप्ताह से शाम के समय एक से दो घंटे के लिए विद्युत व्यवस्था ठप होने से लोग परेशान हो जाते हैं, वहीं क्षेत्र में अंधेरा छा जाता है।

पट्टी में जहां एक तरफ बोर्ड की परीक्षा के समय परीक्षा केंद्र पर विद्युत व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी नहीं की गई है, जिससे कि सीसीटीवी कैमरा और पंखे चलते रहें और नकल विहीन परीक्षा हो सके इसके लिए प्रशासन और विद्युत विभाग ने कमर कस ली है लेकिन वहीं दूसरी तरफ शाम के समय जब एक या दो घंटे के लिए विद्युत की कटौती की जाती है तो गांव में अंधेरा छा जाता है उसके बाद विद्यार्थियों को पढ़ाई करने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है और गर्मी से लोग बेहाल हो जाते हैं। मार्च का महीना बीतने वाला है ऐसे में गर्मी अपना प्रचंड रूप अभी से दिखाना शुरू कर दिया है। शाम के समय तो विद्युत कटौती के कारण गर्मी से कमरे में लोग रह नहीं सकते हैं। वही विद्युत कटौती होने से पंखे ठप हो जाते हैं तो अंधेरा भी छा जाता है ऊपर से मच्छरों का प्रकोप से लोग परेशान हो जाते हैं वही पढ़ाई करने वाले परीक्षार्थी और विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार? .....

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** इस संबंध में एसडीओ पट्टी से बात करने पर उन्होंने बताया कि शासन की तरफ से विद्युत व्यवस्था संचालित करने के लिए जो निर्देश है उसी के तहत विद्युत व्यवस्था प्रदान की जा रही है। परीक्षार्थियों को ध्यान में रखते हुए परीक्षा के समय विद्युत कटौती नहीं की जा रही है पहली मीटिंग और दूसरी मीटिंग में किसी प्रकार की व्यवस्था में कमी नहीं है शाम के समय जो बिजली जाती है वह पीछे से कटौती की जाती है।

## बस व ट्रक की भिड़ंत में अनियंत्रित बस पलटी, 15 घायल

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे पर मंगलवार की रात लगभग 12 बजे प्रयागराज डिपो की रोडवेज बस यात्रियों को लेकर लखनऊ जा रही थी कि थाना मानिकपुर के मानिकपुर बाजार में पंजाब नेशनल बैंक के समीप सामने से आ रही ट्रक से जोरदार भिड़ंत हो गयी, जिसमें अनियंत्रित बस सड़क किनारे पलट गई और चीख पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े। सूचना मिलते ही मानिकपुर थाना प्रभारी मनीष पाण्डेय अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दिया। घटना स्थल पर कई थाने की फोर्स भी पहुँच गई और बस में फसे यात्रियों को बड़ी मशक्कत से बाहर निकाला जिसमे घायल 15 यात्रियों को उपचार के लिए भेजा, जहाँ सभी सुरक्षित है। किसी की हताहत होने की खबर नही है।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म तथा धमकी को लेकर आरोपी समेत चार के खिलाफ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** किशोरी के साथ दुष्कर्म तथा उसका वीडियो वायरल करने की धमकी को लेकर पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। सांगीपुर थाना के एक गांव की किशोरी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीते वर्ष 2021 के तहत अटठाईस अप्रैल को शुकुलपुर सांगीपुर गांव के रवि सरोज पुत्र राधेश्याम सरोज ने उसे नशीला पदार्थ खिलाकर अचेत कर दिया। इसके बाद आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म कर वीडियो बनाया। आरोपी लगातार पीड़िता को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर परेशान करता रहा। बीती तेरह फरवरी को भी आरोपी ने पीड़िता का मुंह दबाकर अश्लील हरकत की। तेईस मार्च को भी आरोपी ने रात मे पीडिता के साथ गालीगलौज किया। पीड़िता ने जब घर मे आपबीती सुनाई तो उलाहना देने पर रवि सरोज के पिता रामसेवक सरोज तथा उसकी मां व बहन ने जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ बुधवार को केस दर्ज किया है। सांगीपुर एसओ जीतेन्द्र सिंह का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया गया है, आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

# ऋण लाभार्थी की लम्बित पत्रावलियों का यथाशीघ्र निस्तारित कराएं: डीएम

## बैंकों की जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में बैंकों की जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की बैंक पोषित योजनाओं की ऋण लाभार्थी की पत्रावलियां जो लम्बित उन्हें मार्च के अन्त तक अनिवार्य रूप से निस्तारित कर दिया जाये।

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 24 मार्च 2022 तक 3894 पत्रावलियॉ बैंकों में प्रेषित की गई जिसके सापेक्ष बैंकों द्वारा 3483 पत्रावलियों में ऋण स्वीकृत है जिसमें से 3310 पत्रावलियों में ऋण वितरित किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने एलडीएम को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की सर्वाधिक पत्रावलियां एसबीआई के स्तर पर लम्बित है तत्काल उनका निस्तारण सुनिश्चित करायें। इसके साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत समूहों के खाता खोलने, समूह गठन से सम्बन्धित लम्बित पत्रावलियों को समय से निस्तारित करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि पत्रावलियों पर आपत्ति लगाने के पूर्व यह सुनिश्चित किया जाये कि एक बार में ही पत्रावलियां में जो भी कमियां है उसे अवगत करा दिया जाये ताकि लाभार्थी कमियां दूर कर पत्रावलियां प्रस्तुत कर सके। बैठक में जिलाधिकारी ने किसान क्रेडिट कार्ड, मत्स्य पालन योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, स्वतः रोजगार योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया सहित सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



विकास भवन के सभागार में आयोजित बैठक में बोलते डीएम डा0 नितिन बंसल।

## मारपीट की घटना में नामजद समेत चार के खिलाफ केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जानवर के विवाद को लेकर मारपीट की घटना मे एक नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। कोतवाली के खालसा निवासी जियालाल पुत्र अंकुश ने दी गई तहरीर मे कहा है कि अटठाईस मार्च को रात साढे ग्यारह बजे गांव के रंजीत सरोज पुत्र छोटेलाल व तीन अज्ञात लोगों ने उसे लाठी डंडे से मारापीटा। खेत के समीप जानवर के विवाद को लेकर मारपीट करते हुए आरोपियो ने पीडित को गाली देते हुए जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मंगलवार की रात रंजीत समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### जुआ खेलते चार अभियुक्त किए गये गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा चार अभियुक्तों को जुआ खेलते गिरफ्तार किया है पकड़े गए अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस ने जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जवाहर पुत्र बहोर सुरेश पुत्र मित्तल छेदीलाल पुत्र छितानी व रामनाथ पुत्र कामता प्रसाद निवासीगण पश्चिम शरीरा सार्वजनिक स्थान हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किए गए हैं पकड़े गए जुआरियों के कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 500 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 710 रुपए बरामद कर पुलिस ने कार्यवाही की है।

### वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा वारन्टी अभियुक्त दहचाली पुत्र राजाराम निवासी पौरकाशी रामपुर थाना महेवाघाट को महेवाघाट तिराहा से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# अचानक पेड़ की डाल फटने से एक बालक की हुई मौत, तीन बच्चे लहूलुहान

**अखंड भारत संदेश**

### गरीबी के चलते छोटे-छोटे बच्चे महुआ के फूल को बीनने गए थे पेड़ के नीचे



हादसे के बाद घटनास्थल पर एकत्रित ग्रामीणों की भीड़ और जांच करती पुलिस

**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के केशवापुर गांव में महुआ के पेड़ के नीचे खेल रहे चार छोटे छोटे मासूम बच्चो के ऊपर अचानक महुवा के पेड़ की डाल फट कर गिर गयी है पेड़ की डाल फट कर गिर जाने से चारो बच्चे गंभीर रूप से लहूलुहान हो गए हैं इलाज को अस्पताल ले जाते वक्त एक मासूम बालक की मौत हो गई है और तीन छोटे छोटे बच्चो का अस्पताल में इलाज चल रहा है मामले की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर परिजनों समेत ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची स्थानीय चौकी पुलिस ने मासूम बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के केशवा पुर गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार पटेल उर्फ खुन्नीलाल की बेटी रितु देवी उम्र 10 वर्ष अपने भाई विवेक उम्र 4 वर्ष और अपनी छोटी बहन बेबी 5 वर्ष तथा पड़ोस के रहने वाले आंचल उम्र 6 वर्ष पुत्री बिहारीलाल पटेल के के साथ बुधवार की सुबह महुवा के पेड़ के नीचे चारों बच्चे खेल रहे थे इस समय महुआ के पेड़ से फूल टपक रहा है और भाई-बहन समेत चारों बच्चे महुए के फूल को बिन रहे थे अचानक पेड़ की डाल फट कर जमीन पर गिर पड़ी जिससे भाई बहन समेत चारों बच्चे पेड़ की डाल के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर कोहराम मच गया आसपास खेतों में काम कर रहे अन्य किसानों मजदूरों ने पेड़ की डाल हटाकर बच्चों को बाहर निकाला घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर परिजनों समेत ग्रामीणों की भीड़ लग गई हादसे में घायल चारों बच्चों को इलाज के लिए परिजन स्थानीय अस्पताल ले गए अस्पताल ले जाते वक्त विवेक उम्र 4 वर्ष पुत्र धर्मेंद्र कुमार पटेल उर्फ खुन्नीलाल की मौत हो गयी हादसे में घायल मासूम बेबी रितु और आँचल का इलाज चल रहा है बच्चों के घर पर ग्रामीणों की भीड़ लगी है और चारों तरफ कोहराम मचा हुआ है।

## न्यूज झरोखा

### यूपी बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का डीएम एसपी ने किया औचक निरीक्षण

**नकल विहीन परीक्षा कराने के डीएम एसपी ने दिया निर्देश**



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना द्वारा यू0पी0 बोर्ड परीक्षा को शान्तिपूर्ण, सुचितापूर्ण, नकल विहीन एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाने हेतु गुलाब देवी बालिका इंटर कॉलेज सिकंदरपुर, बजहा, गंगा प्रसाद मेमोरियल कन्वेंट इंटर कॉलेज, कोखराज, छत्रपाल मौर्य इंटर कॉलेज मीरापुर, दारानगर तथा श्री गंगा प्रसाद साहू इंटर कालेज, देवीगंज का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी कक्षों के निरीक्षण के दौरान स्टैटिक मजिस्टेज्ट एवं केन्द्र व्यवस्थापक को सुचितापूर्ण, नकल विहीन एवं शान्तिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने के निर्देश दिये तथा परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित सी0सी0टी0वी0 का भी अवलोकन किया।

# सभी गोशालाओं में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराए चारा : डीएम

**शत-प्रतिशत पशुओं की ईयर टैंगिंग की आख्या 31 मार्च तक उपलब्ध कराने के डीएम ने दिए निर्देश**

**लापरवाही बरतने वाले सचिव को प्रतिकूल प्रविष्टि सम्बन्धित प्रधान को नोटिस जारी करने के डीएम ने दिए निर्देश**

**अखंड भारत संदेश**



गो संरक्षण केंद्र के संबंध में बैठक करते जिलाधिकारी



गो संरक्षण केंद्र की बैठक में उपस्थित ब्लाक प्रमुख पंचायत सेक्रेट्री ग्राम प्रधान पशु चिकित्सा अधिकारी व अन्य

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा सम्राट उदयन सभागार में गोआश्रय स्थलो में संरक्षित गोवंशों के भरण-पोषण सम्बन्धित बिन्दुओं पर जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक की गयी बैठक में जिलाधिकारी ने सभी पशु चिकित्साधिकारियों को सम्बन्धित बीडीओ एवं ईओ के साथ सभी गोशालाओ में संरक्षित पशुओं का सत्यापन करने एवं शत-प्रतिशत पशुओं की ईयर टैंगिंग आदि से सम्बन्धित विस्तृत आख्या 31 मार्च 2022 तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिये उन्होंने कहा कि जिन गोशालाओं में मरम्मत के कार्य कराये जाने हैं उन गोशालाओ में मरम्मत के कार्य शीघ्र प्रारम्भ कर पूर्ण किया जाय। उन्होंने निमार्णाधीन अस्थायी गोशालाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्माण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन गोशालाओं के लिए भूमि चिन्हित नही हुई है, उन गोशालाओं के निर्माण हेतु भूमि चिन्हांकन किया जाय जिलाधिकारी ने गोशालाओं के निर्माण हेतु कार्यवाही न करने लापरवाही बरतने पर बीडीओ कौशाम्बी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्थायी गोशालाओं के निर्माण सहित आदि कार्यों में लापरवाही बरतने वाले सचिव, ग्राम पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि, सम्बन्धित प्रधान को नोटिस तथा बीडीओ को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने भूसा सप्लायर को समय से भूसा सप्लाई कराने तथा भूसा सप्लायरों को समय से भुगतान करने क निर्देश दिये उन्होने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि सभी गोशालाओं में पर्याप्त मात्रा में चारा उपलब्ध रहें जिलाधिकारी ने सभी पशु चिकित्साधिकारियों सचिव ग्राम पंचायतों से कहा कि गोशालाओं में संरक्षित किसी भी गोवंश के सम्बन्ध में शिकायत आने पर सख्त कार्यवाही की जायेगी इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण, समस्त बीडीओ सचिव ग्राम पंचायत, पशु चिकित्साधिकारीगण , सभी ईओ एवं सम्बन्धित प्रधानगण उपस्थित रहें।

### परीक्षा पर चर्चा विषय पर प्रधानमंत्री एक अप्रैल को करेंगे विद्यार्थियों से संवाद

**कौशाम्बी।** जवाहर नवोदय विद्यालय टेवां के प्राचार्य विमल कुमार मिश्र ने अवगत कराया है कि विद्यार्थियों में परीक्षा के तनाव को दूर करने के उद्देश्य से परीक्षा पर चर्चा विषयांतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर के छात्र छात्राओं के साथ 01 अप्रैल 2022 को पूर्वान्ह 11:00 बजे बातचीत करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम देश भर के विद्यालयों में प्रसारित किया जाएगा इसी क्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय टेवां को नोडल सेंटर बनाया गया है ।एक अप्रैल 2022 को पूर्वान्ह 11:00 बजे जनपद के समस्त सरकारी गैर सरकारी विद्यालयों में इस कार्यक्रम को प्रसारित किया जाना है। इस कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षक शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों की सहभागिता रहेगी। जवाहर नवोदय विद्यालय कौशाम्बी के प्राचार्य विमल कुमार मिश्र ने जिले के अभिभावकों से अपील किया है कि विभिन्न टीवी चैनलों, इंटरनेट अथवा विद्यालयों के माध्यम से इस कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनावें। इसी क्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी विभिन्न मंचों पर इस कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। जवाहर नवोदय विद्यालय टेवां कौशाम्बी में भी अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के लिए कार्यक्रम दिखाने की व्यवस्था की गई है।

# सुरक्षा कार्ड में एएनएम द्वारा भरा गया गलत डिटेल

**अखंड भारत संदेश**

**सुरक्षा कार्ड के नाम पर बेखौफ हो रही वसूली स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही से गांव की जनता परेशान**

**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** मातृ एवं बाल कल्याण सुरक्षा कार्ड टीकाकरण व विभिन्न अन्य स्वास्थ्य कार्यों के लिए गांव-गांव स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप लगाए जा रहे हैं कैंप के माध्यम से महिलाओं और अन्य मरीजों को लाभ दिए जाने का स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य है लेकिन कैंप में ड्यूटी देने वाली स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही का खामियाजा ग्रामीण महिलाएं और आम जनता भुगत रही है इतना ही नहीं कैंप लगाए जाने के बाद गांव के लोगों से बेखौफ तरीके से अवैध वसूली हो रही है ताजा मामला सिराथू तहसील क्षेत्र के अंदावा प्राथमिक विद्यालय में 27 मार्च को लगाए गए स्वास्थ्य कैम्प का है जहां कैंप में बीना रानी एएनएम की ड्यूटी लगाई गई थी और बीना रानी ने प्रत्येक लोगों से 30 रुपए की अवैध वसूली की है गांव के लोगों का आरोप है कि कार्ड बनाने के समय नाम पता मोबाइल नंबर और बैंक का नाम दर्ज करने में तमाम गलतियां की गई है जिससे गांव के लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। कैम्प में पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि मातृ एवं बाल सुरक्षा कार्ड में एएनएम द्वारा भरा गया डिटेल गलत है खाता संख्या के दर पर मोबाइल नंबर भारतीय स्टेट बैंक की जगह पर बैंक ऑफ बड़ौदा लिखा गया है सुरक्षा कार्ड में गलत जानकारी भर दिए जाने से ग्रामीणों को स्वास्थ्य का लाभ नहीं मिलता दिख रहा है एएनएम की लापरवाही है या फिर किसी साजिश के तहत ग्रामीणों को वह परेशान कर रही है यह बड़ी जांच का विषय है और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने एएनएम के कारनामों की जांच कराई तो उनकी मंशा उजागर होना तय है।

# नवरात्रि पर्व पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का अधीनस्थों को एसपी ने दिया निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

### पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने कड़ा धाम स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ माँ शीतला माता मंदिर का किया निरीक्षण



मंदिर का निरीक्षण कर वापस लौटते पुलिस अधीक्षक

**कौशाम्बी।** नवरात्रि पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने कड़ा धाम शीतला माता की मंदिर का निरीक्षण करने के बाद अधीनस्थों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि नवरात्रि पर्व पर देवी मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियां कर ली जाए उन्होंने कहा कि नवरात्रि के पर्व पर देवी मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने कहा कि नवरात्रि पर्व पर मां शीतला मंदिर में दर्शन करने आने वाले दर्शनार्थियों के वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था भी निर्धारित कर दी जाए जिससे नवरात्रि में दर्शन के दौरान वाहनों का जाम न लग सके बताते चलें कि नवरात्रि के पर्व पर कड़ा धाम स्थित प्राचीन सिद्धपीठ मां शीतला देवी के मंदिर में लाखों भक्तों का जमावड़ा लगता है जिससे भीड़ के साथ-साथ वाहनों का लंबा जाम लग जाता है भीड़ और वाहनों के लंबे जाम की व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक ने अभी से अधीनस्थों को निर्देश दे दिए है। जानकारी के मुताबिक आगामी नवरात्रि पर्व के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा द्वारा माँ शीतला मंदिर कड़ाधाम का मंगलवार की रात्रि को निरीक्षण किया व नवराति पर्व को लेकर विशेष सतकर्ता बरतने के निर्देश दिए साथ ही सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि नवरात्रि पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश नही की जाएगी लापरवाही करने वाले लोगों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# बालिकाओं से छेड़खानी विरोध करने पर पीटा

**अखंड भारत संदेश**

**7 दिन बीते आरोपी युवको पर नहीं हो सकी कार्यवाही**

**इमामगंज कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के मीठापुर सायरा गांव में 24 मार्च को घर में मौजूद तीन बहनों को देखकर गांव के दो युवक बालिकाओं के घर में देर शाम घुस गए और छेड़खानी करने लगे जब बालिकाओं ने विरोध किया तो युवकों ने एक बालिका को बेरहमी से पीटा है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है और हमले में चोट लग जाने से बालिकाओं को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है बालिकाओं का आरोप है कि जब थाने में मुकदमा दर्ज कराने गए तो पहले थाने से भगा दिया गया है और बाद में जब थाने दोबारा गए तो मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के मीठेपुर सयारा गांव की अंजू देवी अपनी बहन गौरी देवी किरण देवी पुत्री हीरालाल के साथ घर पर मौजूद थी घटना 24 मार्च की शाम की है बालिकाओं के परिजन खेत को गए थे लड़कियों को देख कर गांव के जितेंद्र कुमार और राहुल कुमार बालिकाओं के घर घुस गए और बालिकाओं अश्लील बातें कर मोबाइल नंबर मांगने लगे आरोप है कि युवकों ने बालिकाओं से छेड़खानी की है बालिकाओं ने मोबाइल नंबर देने से मना किया और घर में घुसने पर उन्हें डांट का भगाने का प्रयास किया जिस पर दोनों युवक आक्रोशित हो गए और अंजू देवी की पिटाई कर दी युवकों की पिटाई से अंजू देवी की चोटें आई हैं जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना थाने को दी गई है पुलिस ने हीलाहवाली करने के बाद मुकदमा तो दर्ज कर लिया लेकिन आरोपियों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

# पिपरी और चरवा थाने का पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

### मालखाना शस्त्रागार और अभिलेखों का मुआयना कर पुलिस अधीक्षक ने अभिलेखों को चुस्त-दुरुस्त रखने के दिए



थाने का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक

**कौशाम्बी।** कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा द्वारा चायल सर्किल क्षेत्र के चरवा और पिपरी थाने का मंगलवार की रात्रि को औचक निरीक्षण किया गया है पिपरी थाने के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने मालखाना शस्त्रागार और अभिलेखों का मुआयना किया है निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अभिलेखों को चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश मातहतों को दिए हैं उन्होंने कहा कि थाने में आने वाले शिकायती प्रार्थना पत्रों को समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारित किया जाए उन्होंने कहा कि फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि फरियादियों को गुणवत्तापूर्ण त्वरित न्याय मिले और इसका शत-प्रतिशत कड़ाई से पालन किया जाए। क्षेत्राधिकारी चायल के साथ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने मंगलवार की रात्रि को चरवा थाने का भी निरीक्षण किया वहां उन्होंने माल खाना शस्त्रागार और अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण कर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं थाना पिपरी व थाना चरवा में थाने के सभी विवेचकों का अर्दली रूम का निरीक्षण किया और लम्बित विवेचनाओं को शीघ्र निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# बैंक खाते में ठगी करने वाले के मोबाइल नंबर 6289 113347 से रहें सावधान

**कौशाम्बी।** गांव क्षेत्र के गरीब कमजोर मजदूर महिलाओं एवं सीधे-साधे जनता को लाभ का झूठा लालच देकर ठगी करने वाले लोग तेजी से सक्रिय हैं इस तरह के लोगों से विशेष सावधान रहने की जरूरत है वरना ठगी में लिप्त लोग लाभ का लालच देकर बैंक खाता नंबर आम जनता से हासिल कर लेते हैं और फिर उनके बैंक खाते से ऑनलाइन रकम गायब कर देते हैं बैंक खातों से रकम निकल जाने के बाद आम जनता को ठगी का अहसास होता है और फिर वह अपनी रकम वापस पाने के लिए पुलिस का चक्कर लगाने लगती है इसलिए आम जनता के साथ ठगी करने वालों से सावधान रहने की जरूरत है इन दिनों कौशांबी जिले के लोगों के पास 6289 11 3347 मोबाइल नंबर से लगातार फोन आ रहे हैं भरवारी कस्बे के कई लोगों के पास 3 दिन पूर्व ठगों ने फोन करके उनके बैंक खाता नंबर मांगे थे जिस पर लोगों ने उन्हें फोन से करारा जवाब दिया है। ऑनलाइन बैंक की रकम गायब कर ठगी करने में लगे लोगों द्वारा ग्राहकों को बताया जा रहा है कि आपके पेटीएम में 499 रुपए का गिफ्ट निकला है मैसेज भेजा गया है यदि गिफ्ट लेना चाहते हैं तो ले ले नहीं तो कंपनी को वापस कर दिया जाएगा ठगी करने वाले की बातों में भरोसा करके लोग उस मैसेज को खोलकर देखने लगते हैं तो उसमें डिटेल कुछ नहीं होता है ठगी करने वाले लोग आम जनता को फोन कर समझा-बुझाकर उनके बैंक खाते का नंबर मांग लेते हैं ठगी करने वाले लोगों की झांसे में फंसकर जिसने भी बैंक खाते का नंबर इन ठगों को बता दिया उसके खाते से ऑनलाइन रकम ट्रांसफर हो जाती है इन ठगी करने वाले लोगों से जानता को सावधान रहने की जरूरत है।

### 27 विवेचनाओं का किया गया निस्तारण

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के सभी विवेचकों के साथ गोष्ठी कर विवेचनाओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में 29 मार्च 2022 को 27 विवेचनाओं का निस्तारण किया गया है जिसके क्रम में थाना मंझनपुर द्वारा 03 विवेचनाओं का निस्तारण थाना करारी द्वारा 03 विवेचनाओं का निस्तारण थाना महेवाघाट द्वारा 04 विवेचनाओं का निस्तारण थाना पश्चिम शरीरा द्वारा 04 विवेचनाओं का निस्तारण थाना चरवा द्वारा 06 विवेचनाओं का निस्तारण थाना पिपरी द्वारा 05 विवेचनाओं का निस्तारण थाना कोखराज द्वारा 01 विवेचनाओं का निस्तारणव थाना सरायअकिल द्वारा 01 विवेचनाओं का निस्तारण किया गया।

### चेकिंग के दौरान कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों द्वारा व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 127 वाहनों ई चालान किया गया।

# 17 दिन बीते 2 हत्यारे पुलिस पकड़ से दूर

## सराय अकिल कस्बे से युवक का अपहरण कर आरोपियों ने किया था युवक की हत्या

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के भखन्दा गांव निवासी अनिल कुमार सिंह पुत्र अर्जुन सिंह का सराय अकिल कस्बे से दिनदहाड़े अपहरण करने के बाद हत्यारों ने हत्या करके लाश भखन्दा गांव के पेड़ में टांग दी थी और युवक की हत्या को आत्महत्या का रूप देने का भरसक प्रयास किया था थाना पुलिस ने अनिल की हत्या के मामले को आत्महत्या बनाने में पूरी ऊर्जा लगा दी थी लेकिन जब पुलिस आला अधिकारियों ने सराय अकिल थाना पुलिस को कर्रा किया तो पुलिस ने आनन-फानन में पांच हत्या आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है लेकिन अनिल सिंह के हत्या के दो मुख्य अभियुक्त 17 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं सूत्रों की माने तो अनिल सिंह की हत्या के दो मुख्य अभियुक्त जो अभी पुलिस की पकड़ से दूर है वह जेल में बंद लोगों के जमानत की पैरवी कर रहे हैं यदि फरार लोगों की गिरफ्तारी में पुलिस ने तनिक भी प्रयास किया होता तो अनिल सिंह की हत्या के मुख्य दोनों अभियुक्त पुलिस की हिरासत में होते इस चर्चित अपहरण हत्या की घटना में शुरू से थाना पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में रही है पीड़ित परिजनों ने थाना पुलिस से न्याय की उम्मीद छोड़ दिया था आला अधिकारियों के मामला संज्ञान लेने के बाद पांच अभियुक्त जेल भेजे गए हैं लेकिन दो हत्या अभियुक्तों की गिरफ्तारी न होना सराय अकिल पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर रहा है।

### मंझनपुर पुलिस ने 15000 के इनामिया अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने 15000 रुपए के इनमिया वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है लंबे समय से इनमिया अभियुक्त पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था जिसकी सरगर्मी से पुलिस तलाश कर रही थी पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना मझनपुर पुलिस प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर वाछित व पंद्रह हजार रुपए का इनानिया अभियुक्त विकास उर्फ डनगू पटेल पुत्र घनश्याम उर्फ राधेश्याम पटेल निवासी नरसिंहपुर कछुआ थाना सैनी को पतौना पुल के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# प्रयागराज के अधिकारियों की सांठगांठ से पिपरी के रसूलपुर ब्यूर घाट में बालू का हुआ अवैध भंडारण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज के नौढ़िया घाट से मशीन द्वारा बालू निकालकर लाया जाता है ब्यूर घाट**

**प्रतिदिन सैकड़ो डम्परों से होता है बालू का परिवहन पुलिस और बालू माफिया हो रहे हैं मालामाल**

**कौशाम्बी।** पिपरी थानाक्षेत्र के रसूलपुर ब्यूर गांव स्थित यमुना नदी के घाट से बालू के खनन के लिए पट्टा दिया गया है।इसके बावजूद पट्टाधारक यहां से बालू का खनन न करके दो किमी. दूर प्रयागराज के नौढ़िया घाट से मशीन द्वारा बालू का अवैध खनन कर रहे हैं। प्रयागराज क्षेत्र के नौढ़िया खदान तक रास्ता बनाकर प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों द्वारा बालू लाकर कौशाम्बी क्षेत्र में डंप किया जाता है कौशाम्बी क्षेत्र में डंप किये गये कई बालू के ढेर पहाड़ नजर आ सकते हैं।इस अवैध खनन से बालू माफिया और पुलिस दिनोंदिन मालामाल हो रही हैं।लोगों के शिकायत करने के बावजूद प्रयागराज जनपद के प्रशासन और खनन विभाग अपनी आंखें बंद किए हुए हैं।बालू के इस अवैध खनन से प्रशासन को प्रतिदिन लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है। 2 जिले का लाभ माफिया उठा रहे हैं और अवैध बालू खनन परिवहन के नाम पर सरकार को बड़ी चपत लगा रहे हैं सब कुछ बेखौफ तरीके से हो रहा है और जिम्मेदार मूकदर्शक बने हैं सूत्रों की माने तो सैकड़ों डम्फर अवैध बालू रसूलपुर ब्युर यमुना घाट से प्रतिदिन अवैध तरीके से हो रहा है।

## संपादकीय

# बिम्सटेक सम्मेलनः पड़ोसी मुल्कों की जरूरत

**कोलंबो** में 18वां बिम्सटेक शिखर सम्मेलन चल रहा है। श्रीलंका में इस आयोजन का एक खास मकसद भी है। पड़ोसी मुल्क इस वक्त भारी आर्थिक संकट से गुजर रहा है। उन्हें इससे उबारने के लिए हिंदुस्तान ने बड़ी मदद की है। मदद, शिखर बैठक से पहले इसलिए की गई है ताकि दूसरे सदस्य देश भी प्रेरित होकर सहायता कर सकें। बिम्सटेक सम्मेलन का मकसद एक-दूसरे का सहयोग करना ही है। भारत ने श्रीलंका को एक बिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण दिया है और पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद के लिए अलग से पचास करोड़ अमेरिकी डॉलर की अतिरिक्त सहायता दी है। श्रीलंका और आर्थिक विश्लेषकों ने इसके लिए जमकर भारत की सराहना की है। सराहना की भी जानी चाहिए, संकट के दौर उन्होंने संबल जो दिया है। वरना दूसरे मुल्क तो सिर्फ हवा-हवाई बातों से ही पेट भरते रहते हैं। चीन उनमें अव्वल है। श्रीलंका बिम्सटेक का मौजूदा अध्यक्ष सदस्य देश है। बिम्सटेक बंगाल की खाड़ी देशों पर केंद्रित क्षेत्रीय सहयोग का बड़ा मंच है। इस मंच पर बैठकर सभी सदस्य अपनी समस्याएं एक-दूसरे से साझा करते हैं। यह सम्मेलन करीब चार साल बाद आयोजित हुआ है। हमारे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को अपनी बात इस मंच पर साझा। उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध, अफगानिस्तान के मौजूदा हाल और खाड़ी देशों में पनपते नए किस्म के आतंकवाद पर सभी सदस्य देशों का ध्यानाकर्षण कराया। वैसे, अबकी बार के शिखर सम्मेलन का विषय 'बिम्सटेक-एक क्षमतावान क्षेत्र, समृद्ध अर्थव्यवस्था, और स्वस्थ लोग' पर रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी बुधवार को वर्चुअल दिल्ली से जुड़े। बहरहाल, विदेश मंत्री जयशंकर ने श्रीलंका पहुंचकर जो मानवता का परिचय दिया है उसे चीन भी देख रहा है और बाकी मुल्क भी। बिम्सटेक सम्मेलन का आयोजन कह लें या उनका दौरा ऐसे वक्त में हुआ, जब संकट से निपटने में श्रीलंकाई सरकार पूरी तरह से असक्षम है। जनता आक्रोशित है। महंगाई आसमान छू रही है और चारों तरफ अफरातफरी है। लोग ईंधन और रसोई गैस की कतारों में लगे हैं। बिजली कटौती की मार से बेहाल हैं। इन सभी समस्याओं से निजात चाहते हैं श्रीलंकाई नागरिक। इसलिए वहां जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हो रहा है। विदेश मंत्री जयशंकर वहां विरोध कर रहे प्रमुख विपक्षी नेताओं से भी मिले हैं। श्रीलंका इस संकट में चीन की चालाकी से वाकिफ हो गया है। आर्थिक संकट में चीन ने साथ नहीं दिया। कुछ वर्ष पूर्व तक हर तरह की मदद करने का दावा करता था। श्रीलंकाई वित्त मंत्री बेसिल राजपक्षे हमारे विदेश मंत्री को ऐसे वक्त में एक सहायक सहयोगी के रूप में देख रहे हैं जब उनकी सरकार के खिलाफ अवाम हमलावर है। ऐसे पहले भी कई मौके आए हैं जब भारत ने ही श्रीलंका का सहयोग किया। यह श्रीलंका का एक-एक बच्चा जानता है। लोग राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे से सत्ता से हटाने की अपील कर रहे हैं। राजपक्षे के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ परिवार को अपनी अक्षमता के लिए इस्तीफा देने को बोल रहे हैं। हालात सुधर जाएं, इसी उद्देश्य से श्रीलंका ने बिम्सटेक का आयोजन अपने यहां करवाया है। खाड़ी मुल्कों के लिए बिम्सटेक सम्मेलन बहुत जरूरी होता है। बैठकें नहीं होने से भारी नुकसान हुआ है। चार वर्ष पूर्व काठमांडू में आयोजित हुए सम्मेलन में कुछ मुद्दे उठे थे। लेकिन बात आगे नहीं बढ़ सकी।

# इमरान खानः आगे कुआं पीछे खाई

आर.के. सिन्हा

“ इमरान खान बार-बार यह कह रहे हैं कि वे 5 साल तक सरकार चलाते ही रहेंगे। कभी भी वे इस्तीफा नहीं देंगे। समझ नहीं आ रहा है कि वे यह दावा किस आधार पर कर रहे हैं। ताजा सूरते हाल तो उन्हें आने वाले कुछ दिनों के भीतर ही भूतपूर्व प्रधानमंत्री बनाने जा रहा है। हां, ये सच है कि उनकी रैलियों में खूब भीड़ जुट रही है। पाकिस्तानी जनता उनका पक्ष भी सुन रही है। इन रैलियों में वे विपक्षियों नेताओं पर जोरदार हमले बोल रहे हैं। लेकिन, अब फैसला तो जनता नहीं चुने हुये सांसद ही करने वाले हैं। अब एक सवाल यह भी पैदा हो रहा है कि इमरान खान के बाद कौन? मतलब पाकिस्तान में इमरान खान के बाद कौन प्रधानमंत्री बन सकता है ”

**अब** यह तय हो चुका है कि उस इमरान खान का पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद से हटने को कोई रोक नहीं सकता इमरान जिसकी ननिहाल भारत के जालंधर शहर में थी। उनकी मां शौकत खानम जालंधर की लड़की थीं। क्रिकेटर से सियासत में आए और फिर सेना के कंधे पर चढ़कर प्रधानमंत्री बन गए इमरान खान अपने ही जाल में फंस गए हैं। उन्होंने अपने मुल्क की जनता को तमाम सपने दिखाए थे कि वे पाकिस्तान को जन्नत बना देंगे। पर जनता के सामने जन्नत की हकीकत कुछ और ही सामने आई। वे महंगाई पर काबू पाने में पूरी तरह नाकामयाब रहे। उनकी एक दंभी और घमंडी इंसान की छवि बनी रही। वे अपने सियासी प्रतिद्वन्दियों जैसे नवाज शरीफ, उनके छोटे भाई शाहबाज शरीफ, पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और उनके पुत्र बिलाल भुट्टो के ऊपर लगातार घटिया और छिछोरे वार करते रहे। इमरान खान को इन नेताओं को चोर से लेकर डाकू बताने में कोई लज्जा नहीं आई। हालांकि, वे यह नहीं बता पाते कि अगर ये सब इतने खराब थे तो उन्होंने इनके खिलाफ पिछले साढ़े तीन सालों के दौरान क्या एक्शन लिया? इन्हें जेल क्यों नहीं भेजा? ये ही सवाल पाकिस्तानी जनता उनसे पूछ रही है कि वे दावा करते थे कि वे करप्ट नेताओं को जेल भेजेंगे। पर वे क्यों यह सब नहीं कर पाए। बेशक, बिलाल को छोड़कर ये सब नेता पाक साफ तो नहीं हैं। कहते हैं कि इंसान की पहचान इस बात से होती है कि उसके मित्र किस तरह के हैं या वह किनके साथ रहता है। इमरान खान के दो सबसे करीबी साथी हैं गृहमंत्री शेख राशिद और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री फवाद चौधरी । कश्मीरी मूल के शेख राशिद रावलपिंडी के उसी गॉर्डन कॉलेज में पढ़े हैं जिसमें सशक्त अभिनेता बलराज साहनी और उनके अनुज तथा महान कथाकार भीष्म साहनी पढ़ते थे। शेख राशिद वैसे बेहद हल्के इंसान हैं। उनकी किसी प्रेस कॉफ्रेंस को देखकर उनके स्तर का अंदाजा लग जाता है। उनके तीन ही काम हैं। वे या तो शरीफ बंधुओं को कोस रहे होते हैं या वे जरदारी और उनके पुत्र बिलाल भुट्टो को पाकिस्तान के ताजा खराब हालातों के लिए दोष दे रहे होते हैं या फिर वे इसके अलावा भारत को परमाणु युद्ध की धमकी देते रहते हैं। फवाद चौधरी भी शेख राशिद वाला ही काम करते हैं। अब आप सोचिए कि क्या इमरान खान इस तरह के लुंज-पुंज लोगों के साथ मिलकर देश की किस्मत बदलेंगे? असंभव। ये दोनों मसखरें नुमा नेता ही इमरान खान के हक में आजकल मीडिया से लेकर सियासी तकरीरों में माहौल बनाते घूम रहे हैं। फवाद चौधरी तो यह भी कह रहे हैं इमरान खान तो फकीर आदमी है, आज नहीं तो कल चला जाएगा। फिलहाल यह कहना मुश्किल है कि इमरान खान अपना पांच सालों का कार्यकाल पूरा करने में सफल होंगे या नहीं । इसपर लोगों को भरोसा नहीं दिखता। हां, इमरान खान की ईमानदारी पर कोई शक नहीं कर सकता। इस मोर्चे पर उनका अभी तक का जीवन बेदाग सा ही रहा है। इसके साथ ही उन्होंने क्रिकेट की दुनिया में भी कई अहम उदाहरण पेश किए। एक दौर था जब पाकिस्तान में विदेशी टीमें खेलने से पहले दस बार सोचा करती थीं क क्योंकि, सबको पाकिस्तान के अँपायरों की हकीकत पता थी। वे अपनी टीम के खिलाड़ियों को आउट देने से कतराते थे। तब इमरान खान ने पहल की कि उनके मुल्क में जो टीम खेलेगी उसे एक विदेशी अंपायर भी मिलेगा। बहरहाल, माना जा रहा है कि इमरान खान के पास अब सदन में बहुमत तो नहीं रहा है। बहुमत के लिए 172 का आंकड़ा होना जरूरी है। पाकिस्तानी मीडिया में यह कहा जा रहा है कि 39 सांसदों ने इमरान खान का साथ छोड़ दिया है। उनकी दिक्कतें इसलिए बढ़ गईं है क्योंकि पाक सेना ने भी उनसे किनारा कर लिया है। हालात यह बन गये हैं कि पाकिस्तान में कोई सरकार सेना के आशीर्वाद के बगैर नहीं चल सकती। इन हालातों में माना जा सकता है कि अब इमरान खान की प्रधानमंत्री दफ्तर से छुट्टी होना तय है। उसे कोई रोक नहीं सकता। पर इमरान खान बार-बार यह कह रहे हैं कि वे 5 साल तक सरकार चलाते ही रहेंगे। कभी भी वे इस्तीफा नहीं देंगे। समझ नहीं आ रहा है कि वे यह दावा किस आधार पर कर रहे हैं। ताजा सूरते हाल तो उन्हें आने वाले कुछ दिनों के भीतर ही भूतपूर्व प्रधानमंत्री बनाने जा रहा है। हां, ये सच है कि उनकी रैलियों में खूब भीड़ जुट रही है। पाकिस्तानी जनता उनका पक्ष भी सुन रही है। इन रैलियों में वे विपक्षियों नेताओं पर जोरदार हमले बोल रहे हैं। लेकिन,



अब फैसला तो जनता नहीं चुने हुये सांसद ही करने वाले हैं। अब एक सवाल यह भी पैदा हो रहा है कि इमरान खान के बाद कौन? मतलब पाकिस्तान में इमरान खान के बाद कौन प्रधानमंत्री बन सकता है। नवाज शरीफ के छोटे भाई शाहबाज शरीफ के नाम पर विपक्ष में आम सहमति हो सकती है। उन्हें आसिफ अली जरदारी और बिलावल भुट्टो भी समर्थन दे सकते हैं। शाहबाज शरीफ पाकिस्तान के सबसे अहम पंजाब सूबे के मुख्यमंत्री रहे हैं क पर उन पर भी करप्शन के अनेक आरोप हैं। वे हजारों करोड़ की चल और अचल संपत्ति के मालिक भी हैं। देखा जाए तो उनमें और उनके बड़े भाई नवाज शरीफ में कोई बहुत फर्क तो नहीं है। नवाज शरीफ सन 2013 में पाकिस्तान के वजीरे आजम की कुर्सी पर फिर से बैठे थे। यह तब हुआ था जब नवाज शरीफ और शाहबाज शरीफ पर करप्शन के अनेकों केस थे। शरीफ परिवार के लिए कहा जाता है कि इनके लिए पाकिस्तान ही इनका खानदान है। इनका बड़ा औद्योगिक समूह भी है। ये जनता को झूठे सब्जबाग दिखा कर ही अबतक चुनाव जीतते रहे हैं। ये घनघोर रूप से पतित इंसान हैं। नवाज श?ीफ ने प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कभी भी कोई सघन प्रयास नहीं किए। इनके समय में भी पाकिस्तान में मुद्रास्फीति से अवाम का बुरा हाल था और देश में विदेशी निवेश नहीं आ रहा था। अब उन्हीं शाहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री बनाने की चचाएं हो रही हैं। यह वास्तव में पाकिस्तानी जनता के साथ तो अन्याय ही हो रहा है। शाहबाज शरीफ की इमेज मुहाजिर विरोधी भी रही है। उन्होंने एक बार मुहाजिरों पर एक सभा में तंज करते हुए कहा था कि वे (जो उत्तर प्रदेश-बिहार से 1947 में पाकिस्तान शिफ्ट हुए थे) पान खाने वाले कराची की तरह लाहौर को भी खूबसूरत बना देंगे। जाहिर है, पान खाने वालों से उनका इशारा मुहाजिरों से था। अब जरा सोचिए कि किस खराब स्थिति में पाकिस्तान पहुंच चुका है।

## कविता

हवा में जो हम दीपक जलाना
सीख लेते हैं ।

हवा में जो हम दीप जलाना सीख लेते हैं ।
गमों की भीड़ में मुस्कुराना सीख लेते हैं ।।

उन्हें आता नहीं दुश्मनों को भी बुरा कहना।
वो सलीके से गीत गाना सीख लेते हैं।।

कैसी जात,मजहब कैसी सरहद।
प्यार से हर पर्दे हटाना सीख लेते हैं।।

पौधे नाजुक हैं, तरीके से लगाना इन्हें।।
उपजाऊ हो जमीन, फलना सीख लेते हैं।।

छोड़ो भी जिंदगी के फलसफे साहब।।
चलो संजीव अब हंसना हंसाना सीख लेते हैं ।।

संजीव ठाकुर

# मैं चली मैं चली, देखो प्यार की गली..

सुनील कुमार महला

**सभी** सब्जियां गाना गा रहीं हैं - "मैं चली मैं चली, देखो प्यार की गली... कोई रोके न मुझे, मैं चली मैं चली न न ना मेरी जां, देखो जाना न वहाँ कोई प्यार का लुटेरा, लूटे न मेरी जां मैं चली मैं चली ... ये फिजा ये हवा, ये नजारे ये समा अब प्यार न हुआ तो फिर कब होगा कोई खेल तो नहीं, ये है प्यार मेरी जां तुझे पता भी न चलेगा ये जब होगा मैं चली मैं चली ...!" समय के साथ सब्जियां न जाने कहाँ कहाँ चली गई हैं। अजी ! जमाना काफी मॉर्डन हो चुका है। मॉर्डन होने की भी हद है। पहले सोना, चांदी, हीरे,मोती,कपड़ें लत्ते,जूते फूते शोरूम पर मिला करते थे लेकिन आजकल सब्जियां शोरूम पर मिलने लगीं हैं। सभी सब्जियां शोरूम्स में सजने धजने लगीं हैं। अजी ! कूड़े कबाड़ के भाव बिकने वाली सब्जियों का स्टेंडर्ड आजकल बढ़ गया है जी। अब सुनिए वो हमारे खासमखास तोताराम जी के मोहल्ले के नजदीक सब्जियों का बहुत बड़ा शोरूम खुला है जी। तोताराम जी इसे "सब्जीप्लेक्स" "वेजीप्लेक्स" के नाम से भी जानते हैं। उस दिन तोताराम जी बताने लगे ये सब्जीप्लेक्स ज्वैलर्स शॉप की भाँति सजा धजा था। सब्जीप्लेक्स के गेट पर बड़ी बड़ी मूंछों वाला पहरेदार खड़ा था, एकदम झकास कपड़े पहने। तोताराम जी बोले लेखक भैय्या जी इन सब्जिप्लेक्सों में सारा माल ताल(सब्जियां) कांच के शोकेस में बंद होता है। इन पर रेट के लेबल ऐसे चिपकाये होते हैं जैसे सब्जियां न होकर कोई सोना चांदी के टुकड़े हों। लेखक भैय्या सब्जियों को इन शोरूमों में लोहे व पत्थर के बाटों से नहीं तौला जाता, इलैक्ट्रोनिक कांटों से तौला जाता है। स्टेंडर्ड बढ़ गया है। अब एकाध ग्राम भी सब्जी भी फालतू चली जाये, मजाल हैं किसी की भला ? तोताराम जी बताते लगे लेखक भैया उस दिन हमने भिंडी तुलवाई तो शोरुम वाला भिंडी के पीस काट काटकर तौल रहा था। तौले के हिसाब से सभी सब्जियां बिक रही थी। टमाटर, प्याज और खीरा तो आउट आफ स्टाक ही चल रहे थे। शिमला मिर्च और करेले का भाव पूछा तो शोरूम के रिसेप्शन पर बैठे महाशय बोले इनका भाव पैट्रोल और डीजल के बराबर ही है। भैय्या जी सब्जियों के तौले, कैरेट में भाव सुनकर हमारा दिल बैठ गया। भैय्या जी एक बात बताऊँ भले ही सब्जियों के भाव सुनकर हमारा दिल विल बैठ गया लेकिन सब्जियां आजकल शोरूम में मौज पर मौज कूट रही हैं। बेचारी पहले रेहड़ियों, दुकानों, फुटपाथों, सड़क के किनारों, बाजारों में यहाँ वहाँ पड़ी पड़ी झुलस जाती थी,मुरझा जाती थी, कोई इज्जत विज्जत भी नहीं थी बेचारी सब्जियों की। हम जैसे कई लोग तो मिर्च, धनिया, नींबू तो थोड़ी सब्जी के साथ वैसे ही फ्री में थैले में डलवा लेते थे, आजकल मिर्च, नींबू, हरा धनिया पर अलग से लेबल लगें हैं, इज्जत बढ़ गई है। भैय्या जी आजकल इतनी इज्जत होने लगी है कि लोग हमारे नाम पर ब्लैक ब्लैक भी खेलते हैं। मोलभाव को लेकर भी झक झक झांव झांव कांव कांव चीं पीं चीं पीं टीं पीं टीं पीं अब नहीं करते।

## विचार

# करोना फिर उफान पर, रहे संभल कर

संजीव ठाकुर

कोविड-19 का ऐसा संक्रमण है कि यह जरा से भी असावधानी से फिर लौटकर चला आता है' कोविड-19 का ओमीक्रोन संस्करण का बी2 वैरीअंट चीन के शंघाई शहर में बहुत तेजी से फैल रहा है। वहां एक ही दिन में 6400 मरीज पाए गए हैं, इसी तरह चीन के अन्य शहरों में भी यह वेरिएंट ने धावा बोल दिया है। उल्लेखनीय है कि चीन को कोरोना संक्रमण के विषाणु फैलाने का आरोपी माना जाता है। चीन के योहान शहर से कोविड-19 के संक्रमण की लहर निकली थी जो पूरे विश्व में फैल कर मौत का तांडव मचा चुकी है। इसके बाद अब चीन में फिर चौथी लहर का भयानक प्रकोप दिखाई देने लगा है। चीन के अलावा स्वास्थ्य विज्ञान की दृष्टि से अत्यंत आधुनिक फ्रांस, इटली, यूके और जर्मनी मैं भी करोना का बी2 वर्शन फिर से आक्रमण कर रहा है। कोविड-19 के नए वर्शन के मामले में फ्रांस की स्थिति बड़ी खराब है वहां 90 हजार से लेकर 1,10 हजार तक के मरीज संक्रमित पाए गए है। फ्रांस में पेरिस के अस्पताल पूरे पूरे भर चुके हैं, फ्रांस का भी आधुनिक एवं समृद्ध राष्ट्र है एवं चिकित्सा सुविधा वहां पर्याप्त होने के कारण आम जनता को तकलीफ तो नहीं हो रही है, पर जिंदगी और मौत का खतरा बना हुआ है। इसी तरह इटली में 40 हजार मरीज संक्रमित पाए गए हैं इसके पूर्व वहां 70 हजार मरीज पाए गए थे। कोरोना के इस बी2 वेरिएंट से उतनी ज्यादा मृत्यु नहीं हो रही है क्योंकि इन सभी देशों में दो दो वैक्सीन लगाई जा चुकी है। बुजुर्गों को बूस्टर डोज दिया जा चुका है। चीन के हांगकांग तथा शंघाई शहर में फिर करोना से हाहाकार मचा हुआ है उल्लेखनीय है कि चीन ने सारे बाजार तथा बार रेस्टोरेंट आदि खोल दिए थे एवं पशु पक्षियों के मांस की बिक्री भी पूरी तरह से प्रतिबंध से बाहर कर दी गई थी। अब चीन में स्थिति यह है कि शंघाई शहर को लॉकडाउन से गुजरना पड़ रहा है और वहां के उद्योगों का उत्पादन गिरने लगा है, आर्थिक स्थिति भी डावाडोल हो रही है।

हांगकांग शहर में एहतियात के तौर पर नाइट कर्फ्यू लगा दिया गया है। यूरोपीय शहरों में कोविड-19 के वैरीअंट के फैलने का कारण वहां की जनता का होटल प्रेम बताया जा रहा है, क्योंकि सप्ताह के अंत में पूरा का पूरा परिवार होटल, बार ,रेस्टोरेंट तथा पर्यटन स्थलों पर घूमने फिरने के लिए एकत्र हो जाता है, ऐसे में यदि एक व्यक्ति भी कोविड-19 का संक्रमित है तो वह यह संक्रमण सभी व्यक्तियों को फैलाने में सक्षम होता है। ऐसे भीड़ वाले इलाके में जाने से विशेष तौर पर यूरोपीय देशों में कोविड-19 की लहर जोर पकड़ चुकी है। भारत को भी इस संदर्भ में विशेष सावधानी रखी जानी चाहिए क्योंकि भारत उतना आधुनिक ना होकर एक विकासशील देश है और भारत की कमजोरी स्वास्थ्य के मामले में उसकी इतनी बड़ी जनसंख्या ही है एवं लोगों को शिक्षित करने एवं जागरूक करने में शासन प्रशासन को काफी मेहनत मशक्कत करनी पड़ती है। इसके अलावा वैज्ञानिकों का कहना है कि भारत में ु2 वैरीअंट पहले से फैल चुका है एवं भारतवासी इसकी वैक्सीन लेकर इसका इलाज करवा चुके हैं अतः भारतीयों में इसकी प्रतिरोधक क्षमता पहले से मौजूद है और इस वजह से लड़ने की ताकत भारतीय जनमानस को पहले से अंदर है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि जब तक कोई नया वैरीअंट नहीं आता भारत की जनसंख्या कोविड-19 के संक्रमण से मुक्त रह सकती है। भारत में अब कोविड-19 के पुराने वैरीअंट से प्रतिरोधक क्षमता का निर्माण हो गया है जिससे वह इस वैरीअंट से अंदरूनी तौर पर अपनी सुरक्षा कर सकते हैं' भारत में वैक्सीनेशन के कारण सुपर इम्यूनिटी लोगों में व्याप्त है जिसके कारण इस वैरीअंट का असर भारत वासियों पर नहीं हो रहा है पर ईश्वर ना करें कि कोई दूसरा वैरीअंट आता है तो हमें विशेष सावधानी रखकर कोविड प्रोटोकाल का पालन करना ही होगा वरना इतनी बड़ी जनसंख्या में करोना के फैलने की संभावना बहुत ज्यादा होती है।

# भूत-चुड़ैलों का फेस्टिवल

रामविलास जांगिड़

**दिल्ली** में सियासत, साहित्य और संस्कृति की जादूगरी के स्टाल लगे रहते हैं। राजनीतिक जादू-टोने तो यहां की पहचान बन चुके हैं। दिल्ली अपने में काले जादू और टोने-टोटकों के लिए मशहूर है। इसे भूत भगाने वाले शहर के रूप में मान्यता प्राप्त है। दूसरे शब्दों में इसे चुड़ैलों का स्वर्ग भी कहा जाता है। यहां भांत-भांत की चुड़ैलें, भांत-भांत के सियासी दलों के पेड़ों पर भांत-भांत की सियासी साहित्य-गर्दी मचाती है। संसद भवन के एक हिस्से में जादू-टोने की परंपराएं सदियों से चली आ रही हैं। भारतीय मध्ययुगीन परंपराओं और पश्चिम अमेरिकी कूटनीति विद्या को मिलाकर एक तांत्रिक ने बीसवीं शताब्दी के मध्य में एक जादू-टोना सम्मेलन की मेजबानी का प्रस्ताव किया। यही सम्मलेन अब 'थ्रस्टी विच ऑफ नाइट' यानी 'रात की प्यासी चुड़ैल' फेस्टिवल का रूप ले चुका है। हर साल राष्ट्रीय बजट के प्रथम सप्ताह में आयोजित होने वाले इस फेस्टिवल में भूत-प्रेत भगाने वाले सैकड़ों तांत्रिक एकत्र होते हैं। जादुई औषधियां और गंडे-ताबीज का धंधा यहां खूब फला है। यहां हर नुक्कड़ पर आपको जादूगर घूमते हुए मिल जाएंगे। इनके पास दुनिया की हर समस्या का इलाज है। कई तो केवल मोबाइल फोन के सहारे चलती हुई बस में 24 घंटे में शर्तिया इलाज कर देते हैं। जी हां! हर समस्या के समाधान का सरकारी फेस्टिवल! यह फेस्टिवल संसद भवन की कैंटीन से लेकर बरामदे तक पसरा पड़ा है। यहां देश-दुनिया की हर समस्या का शर्तिया इलाज है। कहा जाता है कि शुरूआत में सेवा और लोकतंत्र से यह फेस्टिवल आयोजित होता था। लेकिन अब यह कंप्लीट कमर्शियल हो गया है। जादू-टोने के इस व्यवसाय में बड़ी-बड़ी कंपनियां घुस गई है। ये बड़े-बड़े सरकारी भूतों से इवेंट मैनेजमेंट कराने लगी है। इससे सरकार के राजस्व में भारी इजाफा हुआ है। शहर में जगह-जगह छोटे से लेकर बहुत बड़े आयोजनों में कई तरह के वरिष्ठ भूत, चुड़ैलें, डाकिनें, जिन्न उत्साह पूर्वक भाग लेते हैं। शहर में पर्यटकों की बाढ़ अपने प्रियजनों की प्रेत बाधा से रक्षा करने कम और खाने-पीने तथा मौज-मस्ती के लिए ज्यादा आती है। हर समारोह में ही एक मंच होता है।

# दो समय क्षेत्रों की मांग

प्रियंका 'सौरभ'

**साल** 2002 से संसद के हर सत्र में बार-बार दोहराया गय सवाल है; क्या भारत में दो समय क्षेत्र बनाने का प्रस्ताव है और इसे लागू करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं? सबसे पहले ये सवाल मार्च 2002 में उठाया गया था, उस वर्ष के अगस्त में प्रश्न को प्रभावी ढंग से सुलझा लिया गया था। उस वर्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा गठित एक 'उच्च स्तरीय समिति' ने इस मुद्दे का अध्ययन किया था और निष्कर्ष निकाला था कि कई जोन 'कठिनाइयों' का कारण बन सकते हैं जो "एयरलाइंस, रेलवे, रेडियो, टेलीविजन" और टेलीफोन सेवाएं के सुचारू कामकाज को बाधित करेंगे। इसलिए एकीकृत समय के साथ जारी रखना सबसे अच्छा था।

भारत पूर्व से पश्चिम तक लगभग 3000 किमी तक फैला हुआ है। देश के पूर्वी और पश्चिमी छोरों के बीच लगभग 28 डिग्री देशांतर है जिसके परिणामस्वरूप पश्चिमी और पूर्वी बिंदु के बीच लगभग दो घंटे का अंतर होता है। भारतीय मानक समय (उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर में 82.5' ई देशांतर के आधार पर गणना की गई), अधिकांश भारतीयों को प्रभावित नहीं करता है, सिवाय उन लोगों को छोड़कर जो पूर्वोत्तर क्षेत्र में रहते हैं जहां सूरज गर्मियों में सुबह 4 बजे के आसपास उगता है, और शाम 4 बजे से पहले सर्दियों में अंधेरा हो जाता है। इसलिए, पूर्वोत्तर क्षेत्र ने लंबे समय से उनके जीवन और उनकी अर्थव्यवस्थाओं पर एकल समय क्षेत्र के प्रभाव के बारे में शिकायत की है। हाल ही में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद की राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला (सीएसआईआर-एनपीएल), जो भारतीय मानक समय (आईएसटी) को बनाए रखती है, ने भारत में दो समय क्षेत्रों और दो आईएसटी का सुझाव देते हुए एक शोध प्रकाशित कियाः अधिकांश भारत के लिए आईएसटी-क और आईएसटी- क्क के लिए उत्तर-पूर्वी क्षेत्र - एक घंटे के अंतर से अलग। दो समय क्षेत्रों की मांग इसलिए बढ़ी क्योंकि उत्तरपूर्वी भारत और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, अपने भूगोल के कारण, देश के बाकी हिस्सों की तुलना में जल्दी सूर्योदय और सूर्यास्त देखते हैं। लेकिन घड़ियां इसके लिए जिम्मेदार नहीं थीं और आधिकारिक काम के घंटे हर जगह समान थे, सुबह के समय मूल्यवान काम के घंटे खराब होने और इन क्षेत्रों में शाम के घंटों में अनावश्यक बिजली की खपत हुई इसलिए, व्यापक रूप से प्रचलित यू.एस. के पांच समय क्षेत्र और रूस के 11 के आधार पर भारत में भी कई टाइम जोन लागू करने की बात सामने आई। मगर विशेषज्ञ समिति ने, कई समय क्षेत्रों का समर्थन नहीं करते हुए, सिफारिश की कि पूर्वी राज्यों में काम के समय को एक घंटे आगे बढ़ाया जाए, ताकि सुबह के घंटों का "लाभदायक उपयोग" किया जा सके और इसमें संबंधित अधिकारियों द्वारा इस संबंध में केवल प्रशासनिक निर्देश शामिल होंगे। लेकिन दो समय क्षेत्रों के लाभ अपनी जगह है हम उनको नजरअंदाज नहीं कर सकते; इससे कार्यबल के बीच और ऊर्जा की खपत में अधिक दक्षता आएगी। ऊर्जा की खपत में कमी से भारत के कार्बन फुटप्रिंट में काफी कमी आएगी, जिससे जलवायु परिवर्तन से लड़ने के भारत के संकल्प को बढ़ावा मिलेगा। प्राकृतिक चक्रों के अनुसार दो अलग-अलग समय क्षेत्र होने से आर्थिक लाभ होते हैं क्योंकि लोग बेहतर काम करने और बेहतर योजना बनाने में सक्षम होंगे। कई सामाजिक नीतिगत उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सकता है जैसे सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और महिलाओं की सुरक्षा में सुधार करना। दूसरी तरफ दो समय क्षेत्र होने की समस्या को देखे तो दो टाइम जोन होने से रेल हादसों की संभावना बढ़ जाएगी। रेलवे सिग्नल पूरी तरह से स्वचालित नहीं हैं, और कई मार्गों में सिंगल ट्रैक हैं।

## हार्दिक पांड्या के टी20 विश्व कप टीम में शामिल होने को लेकर सुनील गावस्कर ने कही बड़ी बात

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 भारतीय खिलाड़ियों के लिए इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी 20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह बनाने का मौका है। कई खिलाड़ी इसमें शानदार प्रदर्शन कर टी20 विश्व कप टीम में अपनी जगह पक्की करना चाहेंगे जिनमें से एक नाम हार्दिक पांड्या हैं का है जो पिछले साल टी20 विश्व कप में टीम के जल्दी बाहर होने के बाद से भारत के लिए नहीं खेले हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और महान खिलाड़ी सुनील गावस्कर का कहना है कि यदि वह अच्छी गेंदबाजी करते हैं तो अपने आप उनका टी20 टीम में चयन हो जाएगा। भारतीय टीम में हार्दिक का चयन संदेह के घेरे में आ गया क्योंकि वह फिटनेस के मुद्दों के कारण नियमित रूप से गेंदबाजी नहीं कर पा रहे थे। हालांकि गुजरात टाइटन की लखनऊ सुपर जायंट्स पर 5 विकेट से जीत के दौरान ऑलराउंडर को दाएं हाथ से तेज गेंदबाज करते हुए देखा गया था और उन्होंने अपने चार ओवरों का कोटा भी पूरा किया। हार्दिक इस सीजन में टाइटंस की अगुवाई कर रहे हैं और उनके पास निश्चित रूप से साबित करने के लिए एक बिंदु होगा। हार्दिक ने 4 ओवरों में 37 रन दिए और इस दौरान वह अकसर 140-किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंक रहे थे। उन्होंने अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए 28 गेंदों में 33 रन भी बनाए। उनकी गेंदबाजी देखकर गावस्कर ने कहा कि हार्दिक पांड्या गेंदबाजी करेंगे या नहीं, कितने ओवर फेंकेंगे, यह भी कुछ ऐसा होगा जो न केवल गुजरात टाइटंस, बल्कि पूरी क्रिकेट बिरादरी देख रही होगी। अगर वह अपनी बल्लेबाजी क्षमता के साथ अच्छी गेंदबाजी शुरू कर देता है तो वह विश्व टी 20 के लिए एक स्वचालित चयन बन जाएगा।

## अर्जुन एरिगासी नें जीता दिल्ली इंटरनेशनल शतरंज 2022 का खिताब

**नई दिल्ली।** 19वे दिल्ली इंटरनेशनल शतरंज टूर्नामेंट का खिताब भारत के वर्तमान राष्ट्रीय चैम्पियन और शानदार लय मे चल रहे ग्रांड मास्टर अर्जुन एरिगासी नें अपने नाम कर लिया । अंतिम राउंड में अर्जुन नें हमवतन कार्तिक वेंकटरामन को सफ़ेद मोहरो से पराजित



करते हुए 8.5 अंक बनाकर खिताब अपने नाम कर लिया । हालांकि अर्जुन 8.5 अंक बनाने वाले अकेले खिलाड़ी नहीं थे ,डी गुकेश नें अभिजीत गुप्ता को हराते हुए तो हर्षा भारतकोठी नें एसपी सेथुरमन को पराजित करते हुए 8.5 अंक बनाए पर टाईब्रेक के आधार पर अर्जुन विजेता, गुकेश उपविजेता तो हर्षा तीसरे स्थान पर रहे । तीनों खिलाड़ियों को क्रमशः 5 लाख ,4 लाख और 3 लाख रुपेय का पुरुष्कार मिला । अर्जुन ने इस जीत के साथ अपनी लाइव रेटिंग 2675 पहुंचा दी है जो उनके खेल जीवन की सबसे बेहतरीन रेटिंग है । इसके साथ ही अब अर्जुन का भारत की मुख्य ओलंपियाड टीम में चयनित होना तय हो चुका है । अर्जुन नें जीत के बाद पंजाब केसरी से बात करते हुए भारत में शतरंज ओलंपियाड में होने की खुशी जताई साथ ही कहा की वह अपने ओलंपियाड पर्दापण को लेकर खासे उत्साहित है । अन्य खिलाड़ियों में उज्बेकिस्तान के ओर्टिक निगमटोव , भारत के एसपी सेथुरमन ,परागुए के डेलगाड़ो रेमरीज़ नेऊरिस ,भारत के ललितबाबू ,अभिजीत गुप्ता ,नीलाश सहा और ईरान के घोलामी ओरिमी क्रमशः चौथे से दसवें स्थान तक रहे।

## विश्व कप से पहले भारत में खेलना महत्वपूर्ण : इंग्लैंड के कप्तान सॉर्सबी

**भुवनेश्वर।** इंग्लैंड की पुरुष हॉकी टीम के कप्तान टॉम सॉर्सबी ने कहा कि भारत के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग के दो मैचों में खेलने का फायदा उन्हें अगले साल यहां होने वाले विश्व कप में मिलेगा। इंग्लैंड की पुरुष टीम मेजबान भारत के खिलाफ दो और तीन अप्रैल को कलिंग हॉकी स्टेडियम में होने वाले दो मैचों के लिये रात यहां पहुंची।

सॉर्सबी ने कहा, 'हमारी टीम काफी नई है, इसलिए जरूरी नहीं कि हमने भारत से भिड़ने के लिए तैयारी की हो लेकिन इस टीम को हाल में प्रो लीग में खेलने का अच्छा अनुभव मिला है।'

# राजस्थान ने हैदराबाद को हराया : अनुभवी विलियम्सन पर भारी पड़े युवा सैमसन, सीजन में पहली बार रन चेज करने वाली टीम हारी

**पुणे।** जस्थान रॉयल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 61 रन से हरा दिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने 20 ओवर में छह विकेट पर 210 रन का स्कोर खड़ा किया। कप्तान संजू सैमसन ने राजस्थान के लिए अपने 100वें मैच में स्पेशल पारी खेली। वे 27 गेंदों पर 55 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, देवदत्त पडिक्कल ने 29 गेंदों पर 41 रन और शिमरोन हेटमायर ने 13 गेंदों पर 32 रन की पारी खेली।

जवाब में हैदराबाद की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 149 रन ही बना सकी। हैदराबाद के लिए सबसे ज्यादा रन एडेन मार्करम ने बनाए। वे 41 गेंदों पर 57 रन बनाकर नाबाद रहे। इसके अलावा वॉशिंगटन सुंदर ने 14 गेंदों पर 40 रन की पारी खेली।

हैदराबाद के दो बल्लेबाज शून्य पर आउट हुए। इसमें राहुल त्रिपाठी और



निकोलस पूरन शामिल हैं।राजस्थान की टीम इस सीजन में स्कोर डिफेंड करते हुए मैच जीतने वाली पहली टीम बन गई है। पिछले चारों मैच में बाद में बैटिंग करने वाली टीम जीती थी। इसी के साथ राजस्थान ने हैदराबाद के खिलाफ हिसाब बराबर कर लिया। दोनों के बीच अब तक कुल 16 मैच खेले गए हैं। इसमें से राजस्थान ने आठ और हैदराबाद ने भी आठ मैच जीते हैं।

## मैच दर मैच रणनीति बनायेंगे : सैमसन

**पुणे।** सनराइजर्स हैदराबाद को 61 रन से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग 15 में शानदार शुरूआत करने वाले राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने कहा कि उनकी टीम दीर्घकालिक रणनीति नहीं बना रही और एक समय में एक ही मैच पर फोकस करेगी।उन्होंने मैच के बाद कहा ,'' यह अलग तरह का विकेट था और हमने इसकी उम्मीद नहीं की थी। इससे तेज गेंदबाजों को मदद मिल रही थी।''इस आईपीएल में टीम के लक्ष्य के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा ,'' कोई दीर्घकालिक लक्ष्य नहीं है। हम ज्यादा से ज्यादा मैच जीतना चाहते हैं और एक समय पर एक ही मैच के बारे में सोच रहे हैं।''



आक्रामक अर्धशतक बनाने वाले सैमसन ने अपने प्रदर्शन के बारे में कहा ,'' मैं अपनी फिटनेस, हालात को समझने और रन बनाने के तरीकों पर काम कर रहा हूं। मैं क्रीज पर ज्यादा से ज्यादा समय बिताना चाहता हूं। हमारे पास अच्छी टीम है और हम बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे।

## आईसीसी में 'महिला और पुरुष टीमों की पुरस्कार राशि के अंतर को पाटने के लिए' चर्चा जारी : सीईओ

**वेलिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने कहा कि क्रिकेट की वैश्विक प्रतियोगिताओं में 'महिलाओं और पुरुषों की पुरस्कार राशि के बीच की खाई को पाटने' पर चर्चा चल रही है।खेल की शीर्ष संस्था ने 2024 से 2031 तक शुरू होने वाले अगले आठ साल के चक्र में अपने पुरुष और महिला टूर्नामेंटों में समान स्थान हासिल वाली टीमों लिए पुरस्कार राशि में समानता लाने की योजना बनाई है। एलार्डिस का यह बयान तब आया जब उन्हें बताया गया कि न्यूजीलैंड में चल रहे महिला एकदिवसीय विश्व कप के विजेता को 2019 पुरुष विश्व कप विजेताओं द्वारा जीती गई पुरस्कार राशि के मुकाबले सिर्फ एक तिहाई रकम मिलेगी।

एलार्डिस ने 'ईएसपीएनक्रिकइंफो डॉट कॉम' से कहा, ''चक्र की शुरुआत में हमने जो कुछ किया था उसमें इस ओर बढ़ने का जिक्र था। आईसीसी के अधिकांश वित्तीय



मामले आठ साल के चक्र से जुड़े होते है। और हम इस चक्र में महिला और पुरुष टीमों के बीच के पुरस्कार राशि के अंतर को कम करने की कोशिश पर काम शुरू कर चुके है।'' उन्होंने कहा, '' हम अगले चक्र के आसपास चर्चा शुरू करने वाले हैं और उस चर्चा के शुरुआती मुद्दों में यह शामिल है जहां टूर्नामेंटों में समान स्थान पर रहने वाली महिलाओं की टीम को पुरूषों के बराबर रकम देने का प्रयास किया जायेगा। अभी इसमें समानता नहीं है लेकिन हम पुरस्कार राशि के मामले में समानता की ओर बढ़ेंगे।''

आईसीसी ने भले ही मौजूदा महिला एकदिवसीय विश्व कप की पुरस्कार राशि को दोगुना कर 1.32 मिलियन डॉलर (लगभग 10 करोड़ रुपये) कर दिया है, फिर भी यह 2019 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में दी गई राशि से 6.5 मिलियन डॉलर कम है, जिसे इंग्लैंड ने जीता था।आईसीसी अधिकारी ने कहा कि महिला वनडे विश्व कप का विस्तार आठ से 10 टीमों तक 2029 में होगा।

## सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान केन विलियमसन ने बताया- आखिर कहां हो गई चूक

**पुणे।** सनराइजर्स हैदराबाद को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेला गया अपना पहला ही मैच गंवाना पड़ा। मैच में हैदराबाद के कप्तान केन विलियमसन 2 तो पावर हिटर निकोल्स पूरण शून्य पर आऊट हो गए। मैच गंवाने के बाद केन विलियमसन ने हार के कारणों पर चर्चा की। उन्होंने कहा- हमने गेंद से शानदार शुरुआत की, हमारे पास कई मौके थे। अब तक के सभी खेलों में नई गेंद से कुछ स्विंग और सहायता मिली है।

हमें बहुत संभावना दिख रही थी लेकिन दुर्भाग्य से इस खेल में हम सही रास्ते पर नहीं आए। विलियमसन ने पिच पर बात करते हुए कहा कि यह बल्लेबाजी के लिए काफी अच्छी थी। राजस्थान ने बहुत अच्छा खेला। यह (नो बॉल) हमारे लिए कोई आम बात नहीं है, यह कई मायनों में आश्चर्य की बात थी और हम निश्चित रूप से आगे ऐसा नहीं करना चाहेंगे। जब आप नो बॉल पर विकेट लेते हैं तो यह कभी अच्छा नहीं होता। हमारे लिए उन



क्षेत्रों को देखना महत्वपूर्ण है जहां हम सुधार कर सकते हैं।वहीं, कश्मीर के तेज गेंदबाज उमरान मलिक की गति पर केन विलियमसन ने कहा कि वह अविश्वसनीय रूप से रोमांचक हैं। उनके पास काफी गति है। उम्मीद है कि वह एक अच्छे गेंदबाज के रूप में विकसित होगा। वह युवा है, उसे पिछले साल कुछ अनुभव मिला है जो वास्तव में मूल्यवान था। मुझे यकीन है कि वह आगे भी बेहतर होगा। बल्लेबाजी की बात करें तो यह कठिन हो गई थी। आज हमारा दिन नहीं था।

## पुर्तगाल ने नॉर्थ मेसिडोनिया को 2-0 से हराकर फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया, ब्रूनो ने किया कमाल

**नई दिल्ली।** ब्रूनो फर्नांडिंस को दो शानदार गोल की बदौलत पुर्तगाल ने नॉर्थ मेसिडोनिया को 2-0 से हराकर फीफा विश्व कप 2022 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इटली को हराकर बड़ा उलटफेर करने वाली नॉर्थ मेसिडोनिया की टीम यह मैच जीतने का सपना देख रही थी, लेकिन पुर्तगाल ने मेसिडोनिया को मैच में अपनी पकड़ बनाने का मौका ही नहीं दिया। पूरे मैच में यह टीम कोई गोल नहीं कर सकी। वहीं पुर्तगाल की तरफ से ब्रूनो ने दो शानदार गोल किए और अपनी टीम को फीफा विश्व कप 2022 में पहुंचाने में अहम रोल अदा किया।

नॉर्थ मेसिडोनिया की टीम अब तक



फीफा विश्व कप का हिस्सा नहीं बनी है और ब्रूनो ने इस टीम का इंतजार और लंबा कर दिया। उन्होंने पहले हाफ में क्रिस्टियानो रोनाल्डो के पास को गोल में बदल कर अपनी टीम को अहम बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में उन्होंने डिओगो जोटा के बेहतरीन पास पर दूसरा गोल करके अपनी टीम को विजयी बढ़त दिला दी।

**पांचवां विश्व कप खेलेंगे रोनाल्डो**

पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के टीम में आने के बाद पांचवीं बार यह टीम फीफा में पहुंची है। 37 साल के रोनाल्डो की मौजूदगी में उनकी टीम ने 2006 में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया था, जब यह टीम सेमीफाइनल में पहुंची थी। पुर्तगाल ने विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है, लेकिन इस टीम के अपने खेल में संतुलन लाने की जरूरत होगी। इस टीम में कई आक्रामक फॉरवर्ड खिलाड़ी हैं, लेकिन पुर्तगाल का पारंपरिक रवैया रक्षात्मक रहा है। विश्व रैंकिंग में 67वें स्थान पर काबिज नॉर्थ मेसिडोनिया ग्रुप जे में दूसरे स्थान पर रही थी। इसके बाद इस टीम ने यूरोपियन चैंपियन इटली को हराकर बड़ा उलटफेर किया।

पुर्तगाल के खिलाफ भी इस टीम ने अच्छी शुरुआत की थी। हालांकि, मैच के 14वें मिनट में ही पुर्तगाल के पास एक मौका बना और रोनाल्डो ने बाएं पैर से गोल करने की कोशिश की। हालांकि, उनका शॉट गोल पोस्ट को बाहर चला गया। 32वें मिनट में नॉर्थ मेसिडोनिया के कप्तान रिस्तोव्सकी ने बड़ी गलती की और ब्रूनो ने इसका फायदा उठाते हुए बेहतरीन गोल किया।

# ऑस्ट्रेलिया फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम, सेमीफाइनल में वेस्टइंडीज को 157 रन से हराया

**वेलिंगटन।** महिला क्रिकेट विश्व कप 2022 का पहला सेमीफाइनल मैच ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा। कंगारू टीम ने वेस्टइंडीज को 157 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई है। अब ऑस्ट्रेलिया का सामना इंग्लैंड या दक्षिण अफ्रीका से होगा। बारिश से बाधित इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज के सामने 306 रन का लक्ष्य रखा था। इसके जवाब में वेस्टइंडीज सिर्फ 148 रन बना पाई। बारिश के कारण यह मैच सिर्फ 45 ओवर का कर दिया गया था।

इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलियाई टीम अब तक अजेय रही है और सभी आठ मैच जीतकर फाइनल में पहुंची है। वहीं वेस्टइंडीज की टीम किस्मत के भरोसे सेमीफाइनल तक का सफर तय कर पाई थी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसका मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था और कैरिबियाई टीम को मुफ्त में एक अंक मिल गया था। इसी वजह से यह टीम सेमीफाइनल में जगह बना पाई। अब इस टूर्नामेंट में वेस्टइंडीज का सफर भी खत्म हो चुका है।



**ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों ने किया कमाल**

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम के सलामी बल्लेबाजों ने इस मैच में शानदार शुरुआत की और पहले विकेट के लिए 216 रन जोड़े। हायेंस 100 गेंदों में 85 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं हीली ने 107 गेंदों में 129 रन बनाए। इसके बाद कप्तान लेनिंग ने 26 और मूनी ने 31 गेंद में 43 रन की बेहतरीन पारी खेलकर अपनी टीम का स्कोर 300 के पार पहुंचाया।

वेस्टइंडीज के लिए हेनरी ने दो और कॉनेल ने एक विकेट लिया। इन दोनों के अलावा किसी भी गेंदबाज को सफलता नहीं मिली। कप्तान टेलर सहित तीन गेंदबाजों की इकोनॉमी 10 के करीब रही।

**फिर फ्लॉप हुए कैरिबियाई बल्लेबाज**

306 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत कुछ खास नहीं थी और 12 रन के स्कोर पर टीम का पहला विकेट गिर गया। इसके बाद भी नियमित अंतराल पर कैरिबियाई टीम विकेट गंवाती रही और कभी भी लय में नहीं दिखी। कप्तान स्टेफनी टेलर ने सबसे ज्यादा 48 रन बनाए। वहीं सलामी बल्लेबाज डिएंड्रा डॉटिन ने 34 और मैथ्यूज ने भी 34 रन की पारी खेली। इन तीनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू पाया।

ऑस्ट्रेलिया के लिए जेस जॉनसन ने दो विकेट लिए। वहीं ब्राउन को छोड़ बाकी सभी गेंदबाजों को एक-एक विकेट मिला।

## मैक्सवेल और विनी ने चेन्नई में हिंदू तौर तरीकों से की शादी, वरमाला का वीडियो वायरल

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ग्लेन मैक्सवेल ने चेन्नई में भारतीय रीति रिवाजों के अनुसार शादी कर ली है। ईसाई धर्म की परंपराओं के अनुसार शादी करने वाले इस जोड़े ने चेन्नई में हिंदू धर्म के तौर तरीकों से शादी की। ये दोनों लंबे समय से साथ थे और सगाई कर चुके थे। दोनों की शादी के फोटो और वीडियो तेजी से सोशल मीडिया में वायरल हो रहे हैं। शादी के बाद मैक्सवेल अपनी आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के साथ जुड़ेंगे, जिसे पहले मैच में पंजाब के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। मैक्सवेल की पत्नी विनी रमन मेलबर्न में एक दवाई कंपनी में काम करती हैं। उनका परिवार मूल रूप से चेन्नई का रहने वाला है। इसी वजह से उनकी शादी में चेन्नई की संस्कृति और परंपरा दिखाई दी। मैक्सवेल और विनी रमन की शादी का एक वीडियो



सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों एक दूसरे वरमाला पहनाते नजर आ रहे हैं। मैक्सवेल और विनी रमन की शादी का कार्यक्रम सात दिन लंबा था और शादी के बाद दोनों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इसकी तस्वीरें भी शेयर की हैं।



## लंदनः एक भारतीय पर रेस्तरां में केरल की छात्रा को चाकू मारने का आरोप, अदालत ने 25 अप्रैल तक हिरासत में भेजा

**लंदन।** लंदन में एक भारतीय छात्रा, जो एक महीने पहले ही यहां आई थी, अब एक अस्पताल में जीवन के लिए संघर्ष कर रही है। केरल की 22 वर्षीया सोना बीजू यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट लंदन से मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रही है। पढ़ाई के साथ ही वह एक रेस्तरां में पार्ट टाइम वेट्रेस का काम करती है। रेस्तरां में एक भारतीय मूल के ग्राहक ने उसपर चाकू से हमला कर दिया था। 23 साल के भारतीय श्रीराम अंबारला पर केरल निवासी यूनिवर्सिटी छात्रा सोना बिजू को चाकू मारने का आरोप लगा है। यह घटना लंदन के ईस्ट हैम जिले के एक हैदराबादी रेस्तरां में हुई। रेस्तरां में लगे सीसीटीवी कैमरे में यह घटना कैद हो गई, जो अब वायरल हो रहा है।

सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में, श्रीराम अंबारला नाम के व्यक्ति को छात्रा का सिर पकड़कर, चाकू निकालते हुए और नीचे गिरने तक उसे चाकू घोंपते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में वह स्टाफ को धमकाते हुए भी दिख रहा है, जो उसे रोकने की कोशिश कर रहे थे और युवती को लगातार चाकू मार रहा है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि श्रीराम यहां ग्राहक के तौर पर गया था। सोना खाना सर्व कर रही थी, तभी उसने चाकू निकालकर हमला कर दिया। उसने रेस्तरां के कर्मचारियों और ग्राहकों को बीच में न आने की धमकी भी दी। चाकू से बुरी तरह घायल सोना को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर लेकिन स्थिर बनी हुई है।

## पाकिस्तान में 'सपने में ईशनिंदा करने वाली युवती की निर्मम हत्या, मदरसे की 3 महिला टीचर गिरफ्तार'

**पेशावरः** पाकिस्तान से ईशनिंदा हत्या का अनोखा व खौफनाक मामला सामने आया है। पाकिस्तान के डेरा इस्माइल खान में तीन महिला शिक्षकों ने अपनी एक पूर्व सहयोगी की गला रेतकर हत्या कर दी। तीनों ने मृतका पर ईशनिंदा का आरोप लगाया। हैरानी की बात है यह आरोप उन्होंने अपनी एक रिश्तेदार के सपने के आधार पर लगाया। घटना मंगलवार सुबह की है, जिसके बाद पुलिस ने रिश्तेदार समेत तीनों को अरेस्ट कर लिया। हत्यारोपी महिलाओं ने बताया कि उनकी साथी ने सपने में ईशनिंदा की थी इसलिए उन्होंने उसे मार डाला। हत्या जामिया इस्लामिया फलाहुल बिनात के बाहर तड़के हुई। एफआईआर के अनुसार, जब पुलिस अपराध स्थल पर पहुंची, तो उन्होंने देखा कि महिला खून से लथपथ है और उसका गला कटा हुआ है। आरोपी महिला शिक्षक क्रमशः 17, 21 और 24 वर्ष की हैं। उन्होंने 'धार्मिक मुद्दों पर मतभेद' और ईशनिंदा के आरोप में 21 वर्षीय पीड़िता की हत्या कर दी। पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, मृतका जाने-माने धार्मिक विद्वान मौलाना तारिक जमील की अनुयायी थी, जिसे आरोपी महिलाएं नापसंद करती थीं। प्राथमिकी में कहा गया है कि पीड़िता पर हमले में धारदार वस्तुओं का इस्तेमाल किया गया।

पुलिस ने बताया कि उनकी 13 वर्षीय एक किशोरी रिश्तेदार ने 'एक सपना देखा' जिसमें उसे पीड़िता द्वारा की गई कथित ईशनिंदा के बारे में पता चला और बाद में उसे जान से मारने का आदेश दिया गया। पुलिस अधकिारी ने कहा कि शुरुआती जांच के दौरान सपने के विवरण वाला एक रजिस्टर बरामद किया गया है। इसके बाद तीनों संदिग्धों को उनके रिश्तेदारों के साथ गिरफ्तार किया गया है।

## कीव में सैन्य अभियानों में उल्लेखनीय रूप से कमी लाने की रूस की घोषणा से आश्वस्त नहीं हैं बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन रूस की उस घोषणा को लेकर आश्वस्त नहीं हैं कि वह यूक्रेन की राजधानी कीव में सैन्य अभियानों में उल्लेखनीय रूप से कमी लाएगा। रूसी घोषणा के संबंध में किए सवाल पर बाइडन ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा, '' हम देखेंगे कि क्या होता है। मैं तब तक इस बारे में कुछ नहीं कह सकता, जब तक कि उनकी आगे की कार्रवाई के बारे में ना जान लूं।'' गौरतलब है कि रूस के उप रक्षा मंत्री एलेक्जेंडर फोमिन ने मंगलवार को कहा था कि युद्ध समाप्त किए जाने के मकसद से जारी वार्ता में 'विश्वास बढ़ाने के लिए' रूस ने कीव और चेर्नीहीव के पास अभियान को उल्लेखनीय रूप से कम करने का फैसला किया है। बाइडन ने कहा, '' हम देखेंगे कि क्या वे अपनी बात पर कायम रहते हैं। तुर्की और अन्य स्थानों पर वार्ता शुरू हो गई है, जो आज भी जारी है। '' राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन के प्रमुख नेताओं के साथ भी बातचीत की है। ऐसा लगता है कि एक आम सहमति बन गई है, अब देखते हैं कि वे क्या करते हैं। बाइडन ने कहा, '' हमें जल्द पता चल जाएगा कि वे क्या करने जा रहे हैं, लेकिन तब तक हम अपने कड़े प्रतिबंध जारी रखेंगे। हम यूक्रेनी सेना को अपनी रक्षा करने के लिए सैन्य मदद मुहैया कराना जारी रखेंगे।'' बाइडन के साथ सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनका देश यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की कड़ी निंदा करता है।

# भारत ने यूएन में रूस-यूक्रेन वार्ता को लेकर दिया बयान, उद्देश्यपूर्ण सहमति पर दिया जोर

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने रूस और यूक्रेन के बीच जारी वार्ता में 'उद्देश्यपूर्ण सहमति' कायम करने का आह्वान किया है और उम्मीद जताई है कि तनाव को तत्काल कम करने की दिशा में जल्द ही सहमति बन सकती है। रूस और यूक्रेन ने मंगलवार को इस्तांबुल में वार्ता की। रूस ने कहा कि वह यूक्रेन की राजधानी कीव और एक उत्तरी शहर के पास सैन्य अभियानों को कम करेगा।

रूस के इस बयान से 24 फरवरी से शुरू हुए युद्ध को समाप्त करने के लिए एक समझौता होने की उम्मीद जगी है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टी.एस. तिरुमूर्ति ने कहा, 'भारत मौजूदा स्थिति को लेकर बहुत चिंतित है, जो संघर्ष




की शुरुआत से लगातार बिगड़ती जा रही है।' तिरुमूर्ति ने मंगलवार को यूक्रेन में मानवीय स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ब्रीफिंग के दौरान यूक्रेन में सशस्त्र संघर्ष से प्रभावित क्षेत्रों में निर्बाध रूप से मानवीय मदद पहुंचाने की भारत की मांग को दोहराया। यूक्रेन और रूस के बीच शांति वार्ता के मध्य, तिरुमूर्ति ने कहा कि भारत 'दोनों पक्षों के बीच जारी वार्ता में उद्देश्यपूर्ण सहमति का आह्वान करता है। उन्होंने कहा, 'हमें उम्मीद है कि जल्द ही सहमति बन सकती है। यह स्पष्ट रूप से हमारे सामूहिक हित में है कि एक ऐसा समाधान खोजा जाए जो इस क्षेत्र और उसके बाहर दीर्घकालिक शांति व स्थिरता हासिल करने के उद्देश्य से तनाव को तत्काल कम कर सके।'

## पश्चिम देशों ने ठुकराई रूस की मांग

### जर्मनी ने गैस आपूर्ति को लेकर जारी की चेतावनी, पोलैंड ने भी दिखाई आंख

**बर्लिनः** जर्मनी सरकार ने पश्चिमी देशों द्वारा रूबल में भुगतान की रूसी मांग को खारिज करने के बाद बुधवार को गैस आपूर्ति को लेकर चेतावनी जारी की है। जर्मनी सरकार ने कहा कि रूबल में भुगतान न किए जाने पर रूस द्वारा आपूर्ति में कटौती करने की चिंताओं के बीच उसने ये चेतावनी जारी की है। वहीं पोलैंड के प्रधानमंत्री ने भी कहा कि उनकी सरकार 2022 के अंत तक रूसी तेल आयात बंद करने के लिए कदम उठाएगी। पीएम की इस टिप्पणी को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए सख्त संदेश माना जा रहा है।

दरअसल, पश्चिमी देशों ने रूबल में भुगतान की रूसी मांग को खारिज कर दिया है, उनका कहना है कि यह यूक्रेन में आक्रमण के बाद रूस के



खिलाफ लगाए गए प्रतिबंधों को कमजोर करेगा। आर्थिक मामलों के मंत्री रॉबर्ट हेबेक ने कहा, '' रूसी पक्ष की ओर से कई टिप्पणियां की गई हैं कि यदि यह (रूबल में भुगतान) नहीं होता है, तो आपूर्ति बंद कर दी जाएगी।'

रॉबर्ट हेबेक ने कहा, '' ऐसी स्थिति से निपटने के लिए आज मैंने शुरुआती चेतावनी जारी कर दी है।' मंत्री ने कहा कि यह कदम एहतियात के तौर पर उठाया गया है और जर्मनी के गैस भंडारण वर्तमान में अपनी क्षमता का 25 प्रतिशत भरा हुआ है। बता दें कि यूक्रेन की सीमा को पार कर पोलैंड में पहुंचने वाले लोगों को पोलैंड सरकार ने फिलहाल वीजा की छूट दी है साथ ही यहां आ रहे लोगों को हर सुविधा मुहैया कराई जा रही है।

इसके अलावा पोलैंड के धानमंत्री ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों समेत कई देशों के नेताओं से चर्चा की और यूक्रेन में जारी युद्ध व इससे बिगड़ती मानवीय स्थिति पर चिंता प्रकट की। बातचीत के दौरान उन्होंने सभी देशों की संप्रभुता का सम्मान किए जाने को जरूरी बताया।

## पाकिस्तान में आतंकवादी हमले में 7 सुरक्षा कर्मियों की मौत, 22 अन्य घायल




**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक किले के अंदर स्थित सुरक्षा मुख्यालय पर आतंकवादी हमले में कम से कम छह सुरक्षाकर्मी मारे गए और 22 अन्य घायल हो गए। जिला पुलिस अधिकारी वकार अहमद खान ने बताया कि आतंकवादियों ने दक्षिण वजीरिस्तान की सीमा से लगे खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के टैंक जिले में एफसी लाइन पर हमला किया गया। मुठभेड़ में तीन हमलावर भी मारे गए। अधिकारी ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि टैंक जिले की ओर जाने वाले सभी रास्तों को बंद कर दिया गया है और हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए इलाके में तलाश अभियान चलाया जा रहा है।

## मरयम नवाज का आरोप- पीएम इमरान अहसान फ़रामोश

### कुर्सी के लिए अपने सबसे वफादार आदमी की दे दी बलि

**इस्लामाबादः** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान अपनी कुर्सी बचाने की कोशिशों में जुटे हैं। अपनी पार्टी के सांसदों को उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान वाले दिन अनुपस्थित रहने हिदायत के बाद वह विपक्ष के निशाने पर आ गए हैं। पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) (पीएमएल-एन) की उपाध्यक्ष मरियम नवाज और 26 मार्च को लाहौर से रैली शुरू करने वाले पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता हमजा शहबाज, जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) और अन्य पीडीएम दलों के समर्थकों के साथ जुड़ने के लिए इस्लामाबाद पहुंचे।

पाकिस्तान के तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ की बेटी मरियम ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए खान के धार्मिक कार्ड का इस्तेमाल करने व अपने सांसदों को मतदान से रोकने को लेकरइमरान खान की आलोचना की। प्रधानमंत्री खान द्वारा उनके समर्थन में यहां एक विशाल रैली आयोजित करने के एक दिन बाद आयोजित विपक्षी दल की एक रैली में मरियम ने कहा, ''मैं आपको चुनौती देती हूं कि आप अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान के दिन अपने साथ 172 सांसद लेकर आएं।'' उन्होंने सरकार द्वारा पाकिस्तान मुस्लिम लीग-कायद पार्टी का समर्थन हासिल करने के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री उस्मान बुजदार को दरकिनार करने का आरोप लगाया।

मरियम ने कहा, ''आपने अपनी सत्ता बचाने के लिए अपने सबसे भरोसेमंद आदमी पंजाब के मुख्यमंत्री बुजदार को बलि का बकरा बना दिया । मरियम ने कहा हमने अपने पूरे जीवन में ऐसा एहसान फरामोश शख्स नहीं देखा।'' उन्होंने यह भी कहा कि खान ने उन्हें सत्ता से हटाने के लिए विदेशी साजिश का दावा किया है। मरियम ने एक दिन पहले रैली में एक फर्जी चिट्ठी दिखाने को लेकर खान को



दोषी ठहराया। उन्होंने कहा कि खान ने लोगों का विश्वास खो दिया है, जो हाल के महीनों में 16 में से 15 उपचुनावों में सत्ताधारी पार्टी की हार से साबित होता है। कई अन्य पीडीएम नेताओं ने भी सभा को संबोधित किया और उन्होंने अपनी रैली को धरने में बदलने की भी घोषणा की और कहा कि अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान होने तक उनके कार्यकर्ता डेरा डाले रहेंगे।

## कमला हैरिस ने कहा- हिंद-प्रशांत का गौरवान्वित सदस्य है अमेरिका

**न्यूयार्कः** अमेरिका की उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा कि अमेरिका हिंद-प्रशांत का एक गौरवान्वित सदस्य है और क्षेत्र के देशों के साथ उसके स्थायी संबंध है। हैरिस ने अमेरिका के दौरे पर आए सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''अमेरिका हिंद-प्रशांत का एक गौरवान्वित सदस्य है और उस क्षेत्र के राष्ट्रों और सिंगापुर के साथ हमारे संबंध स्थायी हैं।'

हैरिस ने कहा, ''यह एक ऐसा रिश्ता है जिसे हम साझा सिद्धांतों सहित कई कारणों से महत्व एवं प्राथमिकता देते हैं जिसमें विश्व व्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय मानदंडों और मानकों के संदर्भ में महत्वपूर्ण बातें शामिल हैं।' हैरिस ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने और प्रधानमंत्री लूंग ने रूस और यूक्रेन के मुद्दे पर भी चर्चा की। हैरिस ने पिछले साल अगस्त में सिंगापुर की यात्रा की थी। लूंग ने कहा कि अमेरिका ने करीब आठ वर्षों में एशिया प्रशांत क्षेत्र में महत्वपूर्ण और रचनात्मक भूमिका निभाई है।

सिंगापुर ने लगातार कथनों और कार्यों के माध्यम से इस क्षेत्र में एक मजबूत अमेरिकी



*अमेरिका की उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा कि अमेरिका हिंद-प्रशांत का एक गौरवान्वित सदस्य है और क्षेत्र के देशों के साथ उसके स्थायी संबंध है।*

उपस्थिति का समर्थन किया है। उन्होंने कहा, ''दोनों देशों के बीच घनिष्ठ आर्थिक संबंध हैं।' उन्होंने कहा, ''अमेरिका-सिंगापुर मुक्त व्यापार समझौते पर 2004 में हस्ताक्षर किए गए, लगभग 20 साल पहले किसी एशियाई देश के साथ अमेरिका का यह पहला एफटीए था। सिंगापुर लगभग 5,500 अमेरिकी कंपनियों का घर है और सिंगापुर में अमेरिकी एफडीआई स्टॉक चीन, भारत और कोरिया गणराज्य में अमेरिकी निवेश से अधिक है।' सिंगापुर अमेरिका में दूसरा सबसे बड़ा एशियाई निवेशक भी है।

## कांगो में विद्रोहियों का संयुक्त राष्ट्र के हेलीकॉप्टर पर हमला, 8 शांतिदूतों की मौत

**कांगोः** कांगो की सेना ने कहा कि देश के पूर्वी क्षेत्र में विद्रोहियों ने आठ शांति सैनिकों और संयुक्त राष्ट्र पर्यवेक्षकों को लेकर जा रहे संयुक्त राष्ट्र के एक हेलीकॉप्टर को मार गिराया।

संयुक्त राष्ट्र ने बताया कि घटना में कोई भी जीवित नहीं बचा है। कांगो सेना के एक बयान के अनुसार, हेलीकॉप्टर एक अन्य हेलीकॉप्टर के साथ कांगो में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के लिए जा रहा था, तभी उस पर हमला किया गया।

हेलीकॉप्टर पर मौजूद संयुक्त राष्ट्र के शांतिरक्षक सैनिक उन समुदायों की गतिविधियों का आकलन कर रहे थे जिन पर एक विद्रोही समूह ने हमला किया था। एक




में कहा कि एक खोज और बचाव अभियान में मलबा मिला है और कोई भी जीवित नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि आठ लोगों के शव पूर्वी कांगो के सबसे बड़े शहर गोमा लाए गए। दुजारिक ने कहा, ''हम पाकिस्तानी चालक दल के छह सदस्यों और रूस और सर्बिया के दो सैन्य कर्मचारियों के परिवारों और उनके देश की सरकारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। दुर्घटना की परिस्थितियों की जांच चल रही है।'

## यूक्रेन संकटः कीव-चेर्निहीव से रूस घटाएगा सेना, दोनों देशों के बीच तुर्की में तीन घंटे चली वार्ता

**कीवः** रूसी सेना के यूक्रेन पर हमले के 34वें दिन रूस कुछ नरम दिखाई दिया है। उसने कहा है कि वह कीव और एक अन्य उत्तरी शहर चेर्निहीव के निकट अपनी सेना घटाएगा। रूस ने युद्ध की समाप्ति के लिए जारी वार्ता के किसी समझौते पर पहुंचने की संभावना के तहत यह घोषणा की। रूसी उप रक्षामंत्री एलेक्जेंडर फोमिन ने कहा कि मॉस्को ने मौलिक रूप से फैसला किया है कि दोनों यूक्रेनी शहरों के पास से सेना घटाई जाएगी ताकि वार्ता में भरोसा बहाल हो सके। यूक्रेन ने भी रूस के इस कदम का संज्ञान लिया है।

हालांकि, अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि वह रूसी दावे की पुष्टि नहीं कर सकता। दोनों देशों के बीच मंगलवार को तुर्की के शहर इस्तांबुल में तीन घंटे तक वार्ता हुई है लेकिन पहले की तरह इसकी जानकारी भी सार्वजनिक नहीं की गई है। सैनिक घटाने के कदम को सद्भाव बढ़ाने वाला बताया जा रहा है लेकिन माना जा रहा है कि रूस ने जानबूझकर यह फैसला किया है क्योंकि 34 दिन तक प्रयास के बाद भी यूक्रेनी सैनिकों के कड़े प्रतिरोध से उसकी सेनाएं आगे नहीं बढ़ पा रही हैं। इससे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यूक्रेन पर जल्द कब्जा करने की योजना पर पानी फिर गया है।

**भारत ने यूक्रेन को अबाध मानवीय मदद पहुंचाने का आह्वान किया**

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति ने कहा कि भारत मौजूदा स्थिति पर बहुत चिंतित है, जो शत्रुता की शुरुआत के बाद से लगातार बिगड़ती जा रही है। हम यूक्रेन में सशस्त्र संघर्ष के क्षेत्रों में अबाध मानवीय पहुंच के अपने आह्वान को दोहराते हैं। तिरुमूर्ति ने कहा कि यूक्रेन में प्रभावित आबादी की मानवीय जरूरतों को पूरा करने की तत्काल आवश्यकता है।

**यूएनएससी में बोला यूक्रेन**

यूक्रेन ने संयुक्त राष्ट्र में कहा कि हम मांग करते हैं कि रूस संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव श्वस-11/2 ÷यूक्रेन के खिलाफ आक्रामकता के मानवीय परिणाम÷ के सभी प्रावधानों को तुरंत और बिना शर्त लागू करे ताकि जमीन पर मानवीय पीड़ा को कम किया जा सके। आगे कहा कि यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी पर संधि पर हस्ताक्षर 23 फरवरी 2022 तक सभी रूसी सशस्त्र इकाइयों के स्थानों पर वापस लेने के बाद ही संभव होगा।

अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र में कहा कि कम और मध्यम आय वाले देशों में खाद्य कीमतें आसमान छू रही हैं क्योंकि रूस ने यूक्रेनी निर्यात बंद कर दिया है। हम विशेष रूप से लेबनान, पाकिस्तान, यमन, मोरक्को और अन्य देशों के बारे में चिंतित हैं जो अपनी आबादी को खिलाने के लिए यूक्रेनी आयात पर बहुत अधिक निर्भर हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

## एक और पार्टी ने छोड़ा इमरान का साथ, अविश्वास पर मतदान से पहले दे सकते इस्तीफा

**इस्लामाबाद।** अविश्वास प्रस्ताव का सामना कर रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान का साथ सत्तारूढ़ गठबंधन की एक और पार्टी मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) ने छोड़ दिया है। अब अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान से पहले इमरान खान के इस्तीफा देने की संभावना जताई जा रही है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) ने सरकार से नाता तोड़ने का ऐलान किया है। साथ ही पार्टी ने अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान में इमरान खान के खिलाफ विपक्ष का साथ देने की घोषणा की है। सरकार में शामिल एमक्यूएम-पी के दो मंत्रियों फरोग नसीम और इमानुल हक ने सरकार से इस्तीफा दे दिया है। एमक्यूएम-पी द्वारा



इमरान की पार्टी पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ का साथ छोड़ना बड़ा झटका है, क्योंकि उनके समर्थक दलों व सांसदों की संख्या लगातार घट रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि उनकी सरकार अल्पमत में आ चुकी है। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान तीन अप्रैल से पहले होना है। मौजूदा परिस्थितियों में यह भी माना जा रहा है कि इमरान खान अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान से पहले ही इस्तीफा दे सकते हैं।पाकिस्तान की नेशनल असेंबली की कुल सदस्य संख्या 342 है। बहुमत के लिए 172 सांसदों का समर्थन चाहिए। अभी तक इमरान को 179 सदस्यों का समर्थन प्राप्त था, लेकिन एमक्यूएम-पी का साथ छोड़ने से उनके समर्थक सदस्यों की संख्या 164 रह गयी है। दूसरी ओर विपक्ष की संख्या बढ़कर 177 हो गई है।